सोमवार, 28 अक्टूबर 2024

मौसम

तापमान 33 – 25
आर्द्रता 66%
सूर्योदय: 5:39 सूर्यास्त: 17:02

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष एकादशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



संस्कृत विज्ञान की भाषा, राज्य में फिर से शुरू होंगे गुरुकुल पद्धति के विद्यालय : योगी -पृष्ठ 6

सुविचार : समय से पहले बोले गये शब्द और मौसम से पहले तोड़े फल व्यर्थ होते हैं।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

### उपचुनाव से पूर्व बंगाल में जमकर बरसे गृह मंत्री

# संदेशखाली से आरजीकर तक सुरक्षित नहीं हैं महिलाएं : अमित शाह

- गृह मंत्री का आरोप... 'रवींद्र संगीत की जगह बंगाल में सुनाई दे रही बमों की आवाज'
- शाह का दावा, 'सोनार बांग्ला' बनाने का अब एक मात्र विकल्प भाजपा सरकार



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बांग्लादेश से बंगाल में हो रही घुसपैठ पर सख्त रवैया अपनाते हुए राज्य की जनता से 2026 में 'परिवर्तन' लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा बंगाल में सत्ता में आई तो घुसपैठ को रोक देगी। बंगाल दौरे पर आए गृह मंत्री ने रविवार को 2026 के विधानसभा चुनाव का लक्ष्य तय कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में घुसपैठ रोकने के लिए 2026 में भाजपा को सत्ता में लाना होगा। इस दिन, सॉल्टलेक के ईस्टर्न ज़ोनल कल्चरल सेंटर (ईजेडसीसी) में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य में भाजपा के सदस्य अभियान की शुरुआत की। इस दौरान, बंगाल के युवा समाज को भाजपा के सदस्य बनने का आवाहन करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का सदस्य बनना मतलब 'सोनार बंगला' की प्रक्रिया का हिस्सा बनना। बंगाल में भाजपा का सदस्य बनना तृणमूल और सीपीएम के आतंक से मुक्त होने के यज्ञ का हिस्सा बनना है। उन्होंने कहा, सोनार बंगला बनाने का अब एकमात्र विकल्प भाजपा सरकार है। शाह ने कहा कि बंगाल में व्याप्त अशांति की जड़ घुसपैठ है। घुसपैठ बंद होने पर ही यहां शांति बहाल होगी। 2026 (अगले बंगाल विधानसभा चुनाव) में राज्य में परिवर्तन लाएं। भाजपा सत्ता में आने पर घुसपैठ रोक देगी। शाह ने आगे कहा कि बंगाल में सिंडिकेट की गुंडागर्दी चल रही है। संदेशखाली से आरजीकर (अस्पताल) तक कहीं भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। बंगाल में महिलाओं के सम्मान को तार-तार कर दिया जाता है। ऐसी घटनाओं को भाजपा ही रोक सकती है।

#### राजग ने बंगाल को दिया संप्रग से अधिक पैसा

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के विकास के लिए क्या किया है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। पिछले 10 सालों के दौरान पश्चिम बंगाल को केंद्र से 7.74 लाख करोड़ रुपये का फंड मिला है, जो पिछली यूपीए सरकार के दौरान राज्य को मिले धन से कहीं अधिक है। लेकिन दुर्भाग्य से पश्चिम बंगाल में केंद्रीय फंड के उपयोग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। अमित शाह ने कहा कि ममता बनर्जी हम पर आरोप लगाती हैं कि पीएम मोदी बंगाल को फंड नहीं देते हैं। आज मैं ममता दीदी से पूछना चाहता हूं कि 10 साल तक इंडिया गठबंधन ने बंगाल को कितना फंड दिया? 2004 से 2014 तक यूपीए सरकार ने बंगाल को 2.9 लाख करोड़ रुपये दिए और 2014 से 2024 तक एनडीए सरकार ने 7.74 लाख करोड़ रुपये दिए। इसके बावजूद यहां विकास कार्य नहीं हुए हैं। ये रुपये तृणमूल नेताओं की जेबों में चलेगए हैं।

#### मृत महिला डॉक्टर के माता-पिता से नहीं मिले शाह

कोलकाता आने पर भी शाह ने आरजीकर अस्पताल में दरिंदगी की शिकार हुई जूनियर महिला डॉक्टर के माता-पिता से मुलाकात नहीं की। बंगाल भाजपा नेतृत्व ने इसका कारण शाह का व्यस्त कार्यक्रम बताया है। दूसरी तरफ, माकपा ने इसे लेकर शाह की आलोचना की है।

मुफ्त योजनाओं को बचाने के लिए भाजपा को खारिज करें: केजरीवाल (पृष्ठ 7)

### गाजा पर इजराइल के हमलों में 22 लोगों की मौत, तेल अवीव में ट्रक ने दर्जनों लोगों को रौंदा

**रमत हशारोन :** उत्तरी गाजा पर इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। फलस्तीनी अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इजराइल ने लगातार तीसरे सप्ताह हमला जारी रखते हुए उत्तरी गाजा को निशाना बनाया। वहीं, सहायता समूहों ने इसे मानवीय आपदा करार दिया। इजराइल ने कहा कि उसने आतंकवादियों को निशाना बनाया। वहीं, दूसरी घटना में इजराइल के तेल अवीव शहर के पास एक ट्रक ने बस अड्डे पर खड़े दर्जनों लोगों को रौंद दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस घटना में 35 लोग घायल हो गए। इजराइली पुलिस ने इसे हमला करार दिया और कहा कि हमलावर इजराइल में रहने वाला एक अरब नागरिक था। यह हमला इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के मुख्यालय के पास हुआ।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'डिजिटल अरेस्ट' के मामलों पर जताई चिंता, 'रूको,सोचो और एक्शन लो' का मंत्र दिया



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए इससे बचने के लिए रविवार को देशवासियों से 'रुको, सोचो और एक्शन लो' का मंत्र साझा किया और इस बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 150वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि देश के रचनात्मक ऊर्जा की एक लहर चल रही है और एनिमेशन की दुनिया में 'मेड इन इंडिया' और 'मेड बाइ इंडियंस' छाया हुआ है। उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में भारत नयी क्रांति की राह पर है जबकि 'गेमिंग क्षेत्र' का भी विस्तार हो रहा है और ये दुनिया में लोकप्रिय हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आत्मनिर्भर हो रहा भारत, हर क्षेत्र में कमाल कर रहा है। 'डिजिटल अरेस्ट' से जुड़े एक फरेबी और पीड़ित के बीच बातचीत का वीडियो भी साझा किया और कहा कि कोई भी एजेंसी न तो धमकी देती है, न ही वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है और न ही पैसों की मांग करती है। इंटरनेट के तेजी से बढ़ते उपयोग के बीच 'डिजिटल अरेस्ट' फरेब का एक बड़ा माध्यम बनता जा रहा है।

### प्रधानमंत्री मोदी 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए कल स्वास्थ्य बीमा की शुरुआत करेंगे

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी नागरिकों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वास्थ्य बीमा की शुरुआत 29 अक्टूबर को किये जाने की संभावना है। एक आधिकारिक सूत्र ने यह जानकारी दी। नियमित टीकाकरण की इलेक्ट्रॉनिक रजिस्ट्री बनाए रखने के लिए विकसित 'यू-विन' पोर्टल, को भी उसी दिन प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया जाएगा। सूत्र ने कहा कि इन दोनों के अलावा, मंगलवार को कुछ अन्य परियोजनाओं की भी शुरुआत की जाएगी। यह पोर्टल अभी पायलट आधार पर संचालित किया जा रहा है।

## देश में 50 उड़ानों में बम होने की धमकी मिली, दो विमानों का मार्ग बदला गया

### केंद्र बम की झूठी धमकी देने वालों की हवाई यात्रा पर रोक लगाने पर उठा रहा कदम : उड्डयन मंत्री नायडू

**नयी दिल्ली :** भारतीय विमानन कंपनियों को रविवार को कम से कम 50 विमानों में बम होने की धमकी मिली जिससे दो उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन करना पड़ा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पिछले 14 दिनों में भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 350 से अधिक उड़ानों में बम होने की झूठी धमकी मिली है। ज्यादातर धमकियां सोशल मीडिया के जरिए दी गईं। 'अकासा एअर' ने रविवार को कहा कि उसकी 15 उड़ानों को सुरक्षा अलर्ट मिला और गहन निरीक्षण के बाद सभी विमानों को परिचालन की अनुमति दी गई। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इंडिगो की 18 उड़ानों और विस्तारा की 17 उड़ानों के दौरान विमान में बम होने की धमकियां मिलीं। धमकियों के बाद इंडिगो की कम से कम दो उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि इसकी उड़ान 6ई 133 (पुणे से जोधपुर) को अहमदाबाद और 6ई 87 (कोझिकोड से दम्मम) को मुंबई की ओर मोड़ दिया गया। इंडिगो के बयान के मुताबिक, जिन उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिले उनमें 6ई 11 (दिल्ली-इस्तांबुल), 6ई 92 (जेद्दा-मुंबई), 6ई 112 (गोवा-अहमदाबाद), 6ई 125 (बेंगलुरु-झारसुगुड़ा), 6ई 127 (अमृतसर-अहमदाबाद) और 6ई 135 (कोलकाता-पुणे) शामिल हैं। जिन अन्य उड़ानों में बम होने की झूठी धमकी दी गई उनमें 6ई 149 (हैदराबाद से बागडोगरा), 6ई 173 (दिल्ली से बेंगलुरु), 6ई 175 (बेंगलुरु से दिल्ली), 6ई 197 (रायपुर से हैदराबाद), 6ई 248 (मुंबई से कोलकाता), 6ई 277 (अहमदाबाद-लखनऊ), 6ई 312 (बेंगलुरु से कोलकाता), 6ई 235 (कोलकाता-बेंगलुरु) और 6ई 74 (रियाद-मुंबई) शामिल हैं।

## मुंबई पर हुए 26/11 हमले के बाद भारत की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई थी : जयशंकर



**मुंबई :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई थी, लेकिन यदि ऐसी घटना दोबारा हुई तो अब ऐसा नहीं होगा। जयशंकर ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मुंबई में जो हुआ, उसकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए कि यहां आतंकवादी हमला हुआ और कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई।'' उन्होंने कहा, ''मुंबई भारत और दुनिया के लिए आतंकवाद-विरोध का प्रतीक है।'' जयशंकर ने कहा कि जब भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य था, तब वह आतंकवाद-निरोधक समिति की अध्यक्षता कर रहा था। उन्होंने कहा, ''हमने आतंकवाद-निरोधक समिति की बैठक उसी होटल में की थी, जिस पर आतंकी हमला हुआ था।'' जयशंकर ने कहा, ''लोग जानते हैं कि भारत आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। हम आज आतंकवाद से लड़ने में अग्रणी हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब हम आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की बात करते हैं, तो यह स्पष्ट है कि जब कोई कुछ करता है, तो उसका जवाब दिया जाएगा। यह स्वीकार्य नहीं है कि आप दिन में सौदेबाजी कर रहे हों और रात में आतंक में लिप्त हों और मुझे दिखावा करना पड़े कि सब कुछ ठीक है। अब भारत इसे स्वीकार नहीं करेगा। यही बदलाव है।''


### पहला सी-295 विमान सितंबर 2026 में वडोदरा संयंत्र में तैयार होने की संभावना

**नयी दिल्ली :** गुजरात के वडोदरा में सी-295 विमानों के लिए एक विनिर्माण इकाई के उद्घाटन से पहले, आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को कहा कि भारत में बनने वाले 40 सी-295 सैन्य विमानों में से पहला विमान सितंबर 2026 में बनकर तैयार होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के उनके समकक्ष पेड्रो सांचेज सोमवार को सी-295 विमान के निर्माण के लिए वडोदरा संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। इन विमानों का निर्माण टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अक्टूबर 2022 में वडोदरा में सी-295 विमान के फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) संयंत्र की आधारशिला रखी थी। रक्षा मंत्रालय ने सितंबर 2021 में 56 विमानों की आपूर्ति के लिए स्पेन की कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस एसए के साथ 21,935 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। इन 56 विमानों में से 40 का निर्माण भारत में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स करेगी।

### करियर के आखिरी कुछ वर्षों में मैं जो भी क्रिकेट खेल रहा हूं, उसका लुत्फ उठाना चाहता हूं: धोनी



**नयी दिल्ली :** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2025 में खेल जारी रखने का संकेत देते हुए कहा कि वह खिलाड़ी के तौर पर अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल रहे हैं उसका लुत्फ उठाना चाहते हैं। धोनी ने पिछले सत्र में रुतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपने के बाद काफी निचले क्रम में बल्लेबाजी की थी। इससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी। आईपीएल में सभी फ्रेंचाइजी को मेगा नीलामी से पहले 31 अक्टूबर तक अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जमा करनी होगी। इस साल सीएसके द्वारा धोनी को एक अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में बरकरार रखा जा सकता है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रविवार की रिपोर्ट के मुताबिक धोनी ने गोवा में कुछ दिन पहले आयोजित एक प्रचार कार्यक्रम में कहा, ''मैं अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल सका हूं उसका आनंद लेना चाहता हूं।






## नुकसानदायक होगी नई आप्रवासन नीति

दशकों से कनाडा आप्रवासियों का दिल खोलकर स्वागत करता रहा है। कनाडा का आप्रवासन मंत्र रहा है कि जितने अधिक प्रवासी लोग आएंगे, उतना उसके लिए बेहतर रहेगा। कभी नवागंतुकों का खुली बांहों से स्वागत करने वाले कनाडा की सोच रही है कि दूसरे देशों से आने वाले प्रवासी खुद को स्थापित करने के लिये अधिक मेहनत करते हैं और नये देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यहां तक कि कनाडा ने उन कट्टरपंथियों और चरमपंथियों का भी स्वागत किया, जो अपने मूल देशों में कानून की रेखाओं का अतिक्रमण करते रहे हैं। कनाडा सरकार खुद अपनी पीठ थपथपाती रही है कि वह अपने समकक्ष पश्चिमी देशों की तुलना में आप्रवासियों के लिये बेहतर स्थिति बनाने में अव्वल रही है। लेकिन समय के साथ-साथ स्थितियां विसंगतियों की शिकार हुई हैं। आप्रवासियों के लिये सदैव द्वार खुले रखने की कनाडा की नीतियों के चलते, वहां के मूल नागरिक मानते हैं कि इस उदार नीति का आवास, स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक सेवाओं पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। जिसके चलते ट्रूडो सरकार पर न केवल विपक्ष बल्कि अपनी पार्टी का भी दबाव बढ़ रहा है। आज उनकी पार्टी में ट्रूडो का इस्तीफा मांगने वालों की संख्या भी कम नहीं है। इस दबाव का ही प्रभाव है कि ट्रूडो सरकार स्वीकार कर रही है कि उनकी सरकार श्रम जरूरतों को संबोधित करने और जनसंख्या वृद्धि को बनाए रखने के बीच सही संतुलन बनाने में विफल ही रही है। सरकार मानने लगी है कि आप्रवासन टिकाऊ होना चाहिए। दरअसल, कनाडा में लिबरल सरकार की लोकप्रियता में लगातार कमी आई है। जिसकी चिंता में कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो आम चुनावों से एक साल पहले ही हाथ-पैर मार रहे हैं। ट्रूडो की सोच है कि कुछ सख्त कदम उठाकर वे अपने मतदाताओं को आकर्षित कर सकते हैं। यहां तक कि उन्होंने अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये अपने पुराने मित्र व बड़े लोकतांत्रिक देश भारत से संबंध खराब करने से भी गुरेज नहीं किया।

दरअसल, जस्टिन ट्रूडो के मुगालते कम नहीं हुए हैं। अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये उन्होंने भारत का मुखर विरोध करने वाले जिन सांसदों का समर्थन लिया, उनके एजेंडे को पूरा करने में ट्रूडो सारी सीमाएं लांघ रहे हैं। राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते ट्रूडो मानकर चल रहे हैं कि वे अपने चौथे कार्यकाल के लिये चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। लेकिन पार्टी में चल रहे विरोध के चलते आशंका है कि उनका हश्र भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन जैसा न हो, जिनको डेमोक्रेट्स के भारी दबाव के बाद राष्ट्रपति पद की फिर से दावेदारी छोड़नी पड़ी। लेकिन ट्रूडो की राजनीतिक महत्वाकांक्षा इतनी प्रबल रही कि वे अपरिपक्वता के चलते अपने पुराने सहयोगी नई दिल्ली के साथ संबंध बिगाड़ने से भी नहीं चूके। इसी कड़ी में वे कोशिश कर रहे हैं कि भारत से आने वाले प्रवासियों की संख्या को कम कर सकें। इसमें दो राय नहीं है कि कनाडा में स्थायी निवास की अनुमति की प्रक्रिया में जो बदलाव की मंशा ट्रूडो सरकार जता रही है, उसका सबसे ज्यादा असर भारतीय प्रवासियों पर पड़ेगा। हालांकि, उम्मीद के अनुरूप कुछ देशों से ही उन्हें नई नीति को लेकर समर्थन मिला है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दावेदार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अब जस्टिन ट्रूडो कनाडा की सीमाओं को बंद करना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रंप अमेरिका में सीमाओं को लेकर सख्त कदम उठाने की बात करते रहे हैं। यहां तक कि अमेरिका की मैक्सिको सीमा पर दीवार बनाना उनका मुख्य एजेंडा रहा है। लेकिन कनाडा के मामले में उसकी सबसे बड़ी मजबूरी यह है कि उसकी अर्थव्यवस्था आप्रवासियों पर पूरी तरह निर्भर है। इन आप्रवासियों ने कनाडा की आर्थिकी को मजबूत बनाने में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। यह निर्भरता तब और बढ़ जाती है जब कनाडा की आबादी चिंत-ाजनक रूप से बूढ़ी हो रही है। ट्रूडो सरकार की नई नीतियों के चलते उसे श्रमिकों की कमी से निपटना बड़ी चुनौती होगी। दरअसल, ट्रूडो सरकार जिसने साल 1914 की कोमागाटा मारू की घटना के लिये साल 2016 में माफी मांगकर प्रवासी भारतीयों को लुभाया था, अब उसने उस नीति से यू टर्न ले लिया है।

# आयुर्वेद चिकित्सा के जनक धन्वंतरि



प्रमोद भार्गव

समुद्र-मंथन के अंत में आयुर्वेदाचार्य धन्वन्तरि देव और दानवों को हाथों में अमृत-कलश लिए मिले थे। दरअसल समुद्र-मंथन की इस वैश्विक घटना की जानकारी विश्व के उन सभी दूरांचलों में फैल गई थी, जिनकी अपनी सत्ता थी। उस समय धन्वन्तरि चिकित्सा क्षेत्र के बड़े अनुसंधित्सु और वैद्य के रूप में विख्यात हो चुके थे। जिस तरह से समुद्र-मंथन के यात्रियों को विभिन्न देशों में पहुंचने पर कामधेनु गाय, उच्चैश्रवा घोड़ा, ऐरावत हाथी, कौस्तुभ मणि, कल्पवृक्ष, रंभा, लक्ष्मी, वारूणी, चंद्रमा, पारिजात वृक्ष, पांचजन्य शंख मिले, उसी प्रकार इस अल्पज्ञात क्षेत्र में धन्वन्तरि मिले। हालांकि धन्वन्तरि जिस औषधीय वन-प्रांतर में रहते थे, उस भू-खंड में उरू, पुरू आदि मूल भारतीय पहले ही पहुंच गए थे। धन्वन्तरि उन्हीं के वंशज थे। धन्वन्तरि और इस क्षेत्र के मुखियाओं को जब देव व असुरों जैसे पराक्रमियों के आने की सूचना मिली, तो वे समझ गए कि इस समूह से किसी भी प्रकार का संघर्ष उचित नहीं है। अपितु इनसे बेहतर संबंध बनाना उचित है। बुद्धिमत्तापूर्ण इस पहल से धन्वन्तरि ने भी समझा होगा कि उनके अब तक के जो भी औषधीय अनुसंधान हैं, उन्हें वैश्विक मान्यता तो मिलेगी ही, विश्व प्रसिद्ध देव व असुरों की चिकित्सा करने का भी अवसर मिलेगा।

श्रीमद् भगवत और वृहतः ब्रह्मानंद उननिषद् के अनुसार समुद्र मंथन की प्रक्रिया आगे बढ़ने पर, प्रकट होने वाले 14 रत्नों में से एक भगवान धन्वन्तरि थे। उनका शरीर बादलों की कांति की तरह चमक रहा था। उनके नेत्र कमल के समान थे। उनकी गर्दन कम्बू जैसी थी। उनका वक्ष विशाल था। उनके हाथ लंबे थे। शरीर पर पीतांबर धारण किए वे चिर युवा लग रहे थे। उनके कानों में मगर आकृति के कुण्डल थे। चतुर्भजधारी धन्वन्तरि के एक हाथ में आयुर्वेद शास्त्र, एक में वनस्पति, एक में शंख और एक में जी-वनदायी अमृत था। वे कई तरह के रत्न, आभूषण और विभिन्न जड़ी-बूटियों से गुंफित वनमाला पहने थे। उनके इस दिव्य रूप से सभी देव-दानव आश्चर्यचकित हुए। वैसे धन्वन्तरि स्वयं इंद्र के यज्ञांश-भोजी थे। इसीलिए सनातन धर्म में यह मान्यता चली आ रही है कि भगवान विष्णु ने जीव-जगत के त्राण के लिए जो 24 अवतार लिए, उनमें धन्वन्तरि बारहवें अंशावतार हैं। धन्वन्तरि के हाथ में अमृत-कलश देखते ही देव व दानव उसका पान करने के लिए लालायित व चंचल हो उठे।

धरा पर प्राणियों की सृष्टि से पहले ही प्रकृति यानी ब्रह्मा ने घटक-द्रव्य युक्त वनस्पति जगत की सृष्टि कर दी थी, ताकि रोगग्रस्त होने पर उपचार के लिए मनुष्य उनका प्रयोग कर सके। धन्वन्तरि और उनकी पीढ़ियों ने ऐसी अनेक वनस्पतियों की खोज व उनका रोगी मनुष्य पर प्रयोग किए। इन प्रयोगों के निष्कर्ष श्लोकों में ढालने का उल्लेखनीय काम भी किया, जिससे इस खोजी विरासत का लोप न हो। इन्हीं श्लोकों का संग्रह 'आयुर्वेद' है। एक लाख श्लोकों की इस संहिता को 'ब्रह्म-संहिता' भी कहा जाता है। इन संहिताओं में सौ-सौ श्लोक वाले एक हजार अध्याय हैं। बाद में इनका वर्गीकरण भी किया गया। इसका आधार अल्प-आयु तथा अल्प-बुद्धि को बनाया गया। वनस्पतियों के इस कोश और उपचार विधियों का संकलन 'अथर्ववेद' भी है। अथर्ववेद के इसी सारभूत संपूर्ण आयुर्वेद का ज्ञान धन्वन्तरि ने पहले दक्ष प्रजापति को दिया और फिर अश्विनी कुमारों को पारंगत किया। अश्विनी कुमारों ने ही वैद्यों के ज्ञान वृद्धि की दृष्टि से 'अश्विनी कुमार संहिता' की रचना की।

मत्स्यावतार के समय भगवान विष्णु ने वेदों का उद्धार किया था। तभी विष्णु ने वहीं वेदों के साथ अथर्ववेद के उपांग के रूप में आयुर्वेद को भी प्राप्त करने का उल्लेख किया है। भूलोक में प्राणियों को रोगों से पीड़ित व मृत्यु को प्राप्त होते देखकर भगवान विष्णु

**संदर्भः- धन्वंतरि जयंती के लिए विशेष**



द्रवित हुए और विशुद्ध नामक मुनि के पुत्र के रूप में अवतरित हुए। वे भूलोक में चर की भांति छिपकर आए थे, इसलिए चरक नाम से पृथ्वी पर प्रसिद्ध हुए। इन्हीं चरक ने ऋषि-मुनियों द्वारा रचित संहिताओं को परिमार्जित करके 'चरक-संहिता' की रचना की थी। यह ग्रंथ आयुर्वेद का प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है।

एक अन्य पुराण-कथा में उल्लेख है कि एक बार वयुयान से भूलोक पर दृष्टिपात करने पर इंद्र ने मनुष्यों को बड़ी संख्या में रोगग्रस्त पाया। उन्होंने धन्वन्तरि को आयुर्वेद का संपूर्ण ज्ञान देने के लिए ज्ञान परंपरा की परिपाटी चलाने का अनुरोध किया। इसके बाद धन्वन्तरि ने काशी के राजा दिवोदास के रूप में जन्म लिया और काशीराज कहलाए। अपने पिता विश्वामित्र की आज्ञा पाकर महर्षि सुश्रुत अपने साथ अन्यान्य एक सौ ऋषि-पुत्रों को लेकर काशी पहुंचे और वहां सुश्रुत ने ऋषि-पुत्रों के साथ धन्वन्तरि से आयुर्वेद की शिक्षा ली। तत्पश्चात इस समूह ने लोक कल्याणार्थ अपनी-अपनी संहिताओं एवं ग्रंथों की रचना की और उनके माध्यम से समस्त भूमंडल के लोगों को निरोगी बनाने की उपचार पद्धतियां शुरू कीं। इसी कालखंड में सद्वैद्य वाग्भट्ट ने भी धन्वन्तरि से ज्ञान प्राप्त किया और 'अष्टांग हृदय संहिता' की रचना की। सुश्रुत संहिता तथा अष्टांग हृदय संहिता आयुर्वेद के प्रमाणिक ग्रंथों के रूप में आदि काल से आज तक हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। आयुर्वेद व अन्य उपचार संहिताओं में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक प्राणी का अस्तित्व पंच-तत्वों से निर्मित है और संपूर्ण प्राणी स्वेदज, जरायुज, अण्डज और उद्भिज रूपों में विभक्त हैं। इन शास्त्रों में केवल मनुष्य ही नहीं पशुओं, पक्षियों और वृक्षों के उपचार की विधियां भी उल्लेखित हैं। साफ है, भारत में चिकित्सा विज्ञान का इतिहास वैदिक काल में ही चरम पर पहुंच गया था। क्योंकि वनस्पतियों के औषधि रूप में उपयोग किए जाने का प्राचीनतम उल्लेख ऋग्वेद में उपलब्ध है। ऋग्वेद की रचना ईसा से लगभग पांच हजार वर्ष पूर्व हुई मानी जाती है।

ऋग्वेद के पश्चात अथर्ववेद लिखा गया, जिसमें भेषजों की उपयोगिताओं के वर्णन हैं। भेषजों के सुनिश्चित गुणों और उपयोगों का उल्लेख कुछ अधिक विस्तार से आयुर्वेद में हुआ है। यही आयुर्वेद भारतीय चिकित्सा विज्ञान की आधारशिला है। इसे उपवेद भी माना गया है। इसके आठ अध्याय हैं, जिनमें आयुर्विज्ञान और चिकित्सा के विभिन्न पक्षों पर विचार किया गया है। इसका रचनाकाल पाश्चात्य विद्वानों ने ईसा से ढाई से तीन हजार साल पुराना माना है। इसके आठ अध्याय हैं, इसलिए इसे 'अष्टांग आयुर्वेद' भी कहा गया है। आयुर्वेद की रचना के बाद पुराणों में सुश्रुत और चरक ऋषियों और उनके द्वारा रचित संहिताओं का उल्लेख है। ईसा से करीब डेढ़ हजार साल पहले लिखी गई सुश्रुत संहिता में शल्य-विज्ञान का विस्तृत विवरण है। इसी काल में चरक संहिता का प्रादुर्भाव माना जाता है। इसमें चिकित्सा विज्ञान विस्तृत रूप में सामने आया है। इसमें रेचक, वामन कारक द्रव्यों और उनके गुणों का वर्णन है। चरक ने केवल एकल औषधियों को ही 45 वर्गों में विभाजित किया है। इसमें औषधियों की मात्रा और सेवन विधियों का भी तार्किक वर्णन है। इनका आज की प्रचलित चिकित्सा पद्धतियों से साम्य भी है। यहां तक की कुछ विधियों में इंजेक्शन द्वारा शरीर में दवा पहुंचाने का भी उल्लेख है। यह वह समय था जब भारतीय चिकित्सा विज्ञान अपने उत्कर्ष पर था और भारतीय चिकित्सकों की भेषज तथा विष विज्ञान संबंधी प्रणालियां अन्य देशों की तुलना में उन्नत थीं। भूमि गर्भ में समाए अनेक खनिज पदार्थों के गुणों का ऋषि परंपरा ने गहन अध्ययन किया था और रोग तथा भेषजों की मदद से उनके उपचार की दिशा में वैज्ञानिक ढंग से अनुसंधान किए। सुश्रुत और चरक की आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में अब गणना होने लगी है। यही कारण है कि एलोपैथी की दवा निर्माता कंपनियां भी सुश्रुत और चरक के अपने कैलेंडरों में शल्य क्रिया करते हुए चित्र छापने लगे हैं। इस विचरण से पता चलता है कि धन्वन्तरि द्वारा आविष्कृत आयुर्वेद की ज्ञान परंपरा वैदिक युग के पूर्व से लेकर भारत में विदेशी आक्रांताओं के आने से पहले तक विकसित होती रही है।

-लेखक एवं पत्रकार हैं

# पटाखों नहीं, दीपों का पर्व है दीपावली



डॉ घनश्याम बादल

धार्मिक, सामाजिक एवं ऐतिहासिक तथा आध्यात्मिक दीप पर्व दीपावली का वर्णन पुराण और इतिहास में भी केवल दीप पर्व के रूप में मिलता है निकी न कि प्रदूषण और पटाखे के उत्सव के रूप में। दिवाली शब्द संस्कृत के दो शब्द दीवा यानि दीया और आवली यानि पंक्ति से मिलकर बना है. जिसका एक अर्थ है कि पंक्ति में रखे हुए दीपक। आता है यह तो तय है कि दीपावली दीपों का त्यौहार है।

**रोशनी का प्रतिनिधि दीपक :**

स्कन्द पुराण में दीपक को सूर्य की रोशनी का प्रतिनिधि माना गया है. दिवाली के पर्व को यम और नचिकेता की कथा से भी जोड़कर देखा जाता है. इतिहास की मानें तो 7 वीं शताब्दी के संस्कृत नाटक नागनंद में राजा हर्ष ने दिवाली के पर्व को 'दीपप्रतिपादुत्सव:' बताया है। भारतीय इतिहास के जानकार अलबरूनी ने भी दिवाली के पर्व का वर्णन अपने संस्मरणों में किया है।

**राम आए दिवाली लाए :**

दीवाली सनातन धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा और प्रमुख त्योहार है। जनश्रुतियों के अनुसार चौदह वर्ष के वनवास के बाद श्रीराम के लक्ष्मण व सीता सहित अयोध्या आगमन पर उनके स्वागत में अयोध्या नगर को घी के दीयों से जगमगाया गया था तभी से हिंदू धर्म में यह पर मनाया जाने लगा। तब अयोध्यावासियों ने दीप जलाकर और रंगोली सजाकर भगवान राम का स्वागत किया था लेकिन दीप जलाने के अलावा भी दिवाली से जुड़ी कई अहम परंपराएं हैं जो पीढ़ी-दर -पीढ़ी चली आ रही हैं। इसमें दीपावली से पहले साफ-सफाई व सजावट करना, नए कपड़े पहनना, पकवान बनाना, मां लक्ष्मी की पूजा करना आदि समय के साथ परंपरा रूप में जुड़ते चले गए।

**और फिर आ गए पटाखे :**

इसके अलावा दिवाली से जुड़ी एक और महत्वपूर्ण परंपरा है, पटाखे जलाना। कई राज्य सरकारों द्वारा वायु प्रदूषण को रोकने के लिए पटाखों पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद लोगों का पटाखे फोड़ने का उत्साह कम नहीं हो रहा है। आज पटाखे फोड़ना पूरे देश में दिवाली समारोह का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है।

**पुरानी नहीं पटाखा परंपरा :**

एक जानकारी के मुताबिक 16वीं सदी से बारूद का मिलिट्री में इस्तेमाल शुरू हुआ था। ऐसा माना जा सकता है कि उस समय कहीं न कहीं नागरिकों द्वारा भी आतिशबाजी के तौर पर बारुद का इस्तेमाल हो रहा होगा लेकिन यह तय है कि इनका इस्तेमाल बहुत बड़े स्तर पर नहीं होता था।

हथियार के तौर पर बारुद का पहली बार इस्तेमाल मुगल बादशाह बाबर ने किया था भारत पर आक्रमण में उसने दिल्ली सल्तनत के अंतिम सुल्तान इब्राहिम लोदी को हराने के लिए युद्ध में बारुद का इस्तेमाल किया था कह सकते हैं कि उसकी जीत में बारुद के उपयोग का बड़ा योगदान रहा था।

**पटाखे, पर्यावरण और धंधा :**

हिंदुओं के सबसे बड़े पर्व दिवाली पर पटाखे फोड़ना खुश मनाने का एक तरीका बन गया है। हालांकि पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए हर साल पटाखे न फोड़ने की अपील सरकार व विभिन्न पर्यावरण तथा सामाजिक संगठनों द्वारा की जाती है। वहीं कुछ लोग दिवाली पर पटाखे फोड़ना शुभ मानते हैं। पटाखों के निर्माण और बिक्री से जुड़े लोगों के लिए भी यह एक बड़ा व्यावसायिक अवसर है। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले का शिवकाशी पटाखों के निर्माण का मुख्य केंद्र है हालाँकि, हाल के वर्षों में कई राज्यों द्वारा पटाखों के उत्पादन, भंडारण और बिक्री को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए कदमों के कारण देश भर के व्यापारी दिवाली के दौरान अपने व्यवसाय को नुकसान होने की भी शिकायत कर रहे हैं।

**दीपावली विशेष :**
- **दीपावली पर पर्यावरण चिंतन**
- **जलाएं देसी दीप दीवाली पर**



**कब आए पटाखे ?**

इस बात का कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं है कि कब पटाखे फोड़ना दिवाली का हिस्सा बन गया मगर इतिहासकारों के अनुसार, दिवाली मनाने के लिए आतिशबाजी का उपयोग 1400 ईस्वी के बाद शुरू हुआ, जब बारूद का उपयोग भारतीय युद्ध में किया जाने लगा, यह तथ्य1950 में प्रकाशित पुस्तक हिस्ट्री ऑफ फायरवर्क्स इन इंडिया बिटवीन 1400 एंड 1900 में दिया गया है।

**कौन लाया भारत में पटाखे ?**

बारूद के आविष्कार और धमाकों ने लोगों को भयभीत भी किया और मोहित भी। अपने सैन्य मूल्य के अलावा, बारूद का उपयोग दिखावे के लिए भी किया जाने लगा। 1518 में गुजरात में शादियों में आतिशबाजी के इस्तेमाल का भी उल्लेख है। यह तो तय है कि दिवाली के दौरान पटाखों का उपयोग 18वीं शताब्दी से पहले शुरू नहीं हुआ था जब मराठा शासकों ने आम जनता के लिए आतिश बाजी का आयोजन किया था।

**पटाखे और पर्यावरण :**

भारत को आजादी मिलने के बाद से ही भारतीय उद्योगों ने पटाखों का निर्माण शुरू किया और वे जल्दी ही लोगों के बीच लोकप्रिय हो गए। किंतु आज देश महानगरों एवं दूसरे तेजी से विकसित होते हुए शहरों तथा कस्बों तक में पटाखों के कारण विशेष तौर पर दिवाली के अवसर पर हवा में प्रदूषण का स्तर बहुत खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है और इसकी वजह से लोगों को सांस तक लेने में तकलीफ होती है। इतना ही नहीं दीपावली का यह प्रदूषण केवल दीपावली तक ही सीमित नहीं रहता अपितु उसके कई दिन बाद तक हवा की गुणवत्ता बिगाड़े रखता है।

दिल्ली समेत कई राज्यों की सरकारों ने दिवाली के अवसर पर सामान्य पटाखे जलाने पर रोक भी लगाई है तथा ग्रीन पटाखे भी बाजार में आए हैं लेकिन इसका असर न के बराबर ही हुआ है वहीं कट्टर हिंदू लगातार इस बात पर आपत्ति भी करते रहे हैं कि दीपावली पर ही इस प्रकार के बंधन क्यों ? जबकि ईद क्रिसमस एवं दूसरे धर्मों के अन्य त्योहारों पर भी पटाखे खूब चलाए जाते हैं। उनका प्रश्न है कि क्या तब प्रदूषण नहीं होता ? यदि देखें तो उनकी बात गलत भी नहीं है लेकिन कटु सत्य यह है कि पटाखों का दिवाली से धार्मिक दृष्टि से कोई संबंध नहीं रहा है यह तो बाद में उसमें जुड़ी हुई एक कुरीति की तरह ही है जो आज दीपावली के हर्ष को लील रही है।

अतः बेहतर हो कि सरकार केवल दीपावली पर ही नहीं अपितु अन्य अवसरों पर भी पटाखे तथा प्रदूषण फैलाने वाले दूसरे घटकों पर पूर्ण तैयार रोक लगाएं। इससे भी अच्छा यह रहे कि हम अपनी इच्छा से लगातार बढ़ते हुए पर्यावरण प्रदूषण एवं बीमारियों को ध्यान में रखते हुए पटाखे को 'ना' कहें तथा इस बार दिवाली पर देसी दीयों से अपने घरों को सजाएं, घरों में घी के दीपक जलाएं और कुछ ऐसे घरों एवं झोपड़िया में दिवाली के उत्सव की रोशनी पहुंचाएं जहां के बच्चे मिठाइयों के लिए भी तरसते हैं। कितना अच्छा हो कि हम उनके लिए नए कपड़े, मिठाइयां एवं दूसरे उपहार देकर इस बार दिवाली को कहीं अधिक सार्थक करें।

(लेखक सामाजिक चेतना के सजग टिप्पणीकार हैं)

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 28 अक्टूबर, सोमवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, कार्तिक कृष्णपक्ष एकादशी, 07:51 तक, नक्षत्र : पूर्व फाल्गुनी, 15:20 तक, योग : ब्रह्मा, 06:37 तक, सूर्योदय: 5:39, सूर्यास्त: 17:02, चन्द्रोदय : 02:01, चन्द्रास्त: 14:43, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 07:07 से 08:31

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में दिन सफलता से भरा होगा। ज़मीन जायदाद के मामले में कोई डील करने से आपको लाभ होगा। आपको हर कार्य में भाग्य का साथ मिलेगा।

**वृष :** वृष राशि के लोगों का दिन सफलता से भरा होगा और कारोबार के मामले में आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी। आपके अंदर निर्भीकता का भाव रहेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों को हर कार्य को बेहद सावधानी से करने की सलाह है। किसी प्रकार के विवाद से दूर रहें और अपने काम पर ध्यान दें। कोई बात सामने वाले को बुरी ना लग जाए।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों को करियर के मामले में परेशानी और असहयोग का भागी बनना पड़ेगा। आप अपने स्वभाव के प्रति गंभीर रहें, कड़ी मेहनत करने पर ही आपको सफलता प्राप्त होगी।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों के लिए दिन करियर के मामले में लाभ और सफलता से भरा होगा। आपको कुछ नए कार्य में भाग लेने से खुशी होगी। आपका अधिक समय धार्मिक कार्यक्रम में बीतेगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों के लिए दिन भाग्य की दृष्टि से काफी अच्छा रहेगा। आपके कष्ट दूर होंगे और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। संतान से शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं।

**तुला :** तुला राशि के लोगों का दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आप शैक्षणिक दिशा में जो परिवर्तन करेंगे उसमें आपको लाभ होगा। शिक्षा की ओर आपकी रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को करियर में लाभ होने के योग हैं। आमदनी से ज्यादा खर्च की स्थिति रहेगी। संतान के द्वारा किये गये श्रेष्ठ कार्यों से आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा। आपके विद्या बुद्धि ज्ञान में वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। आपको ऑफिस में लोगों से सम्मान की प्राप्ति होगी।

**मकर :** मकर राशि के लोगों का दिन शुभ है और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपको पूर्वजों से धन मिलने की संभावना है। आपकी रुचि शॉपिंग में काफी रहेगी।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा। आपके द्वारा आमदनी को बढ़ाने के लिए किए जाने वाले प्रयास शत प्रतिशत सफल रहेंगे। श्रेष्ठ मार्गों द्वारा प्राप्त धन से कोष वृद्धि होगी।

**मीन :** मीन राशि के लोगों के लिए लाभ का दिन है। आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष के लोगों से आपको लाभ होगा।

## वर्ग पहेली नं. 2900

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 13 | 14 | | ■ | 15 | | 16 | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | 22 |
| 23 | | 24 | | ■ | | ■ | | | |
| | ■ | | ■ | 25 | | | | ■ | |
| 26 | | | | ■ | | ■ | 27 | | |

*बायें से दायें:-* 2) अपराध; भूल, 4) नागालैंड की राजधानी, 7) भेदभावहीन, 9) धर्मशील *(इसलामी)*, 10) अस्वीकृति, 11) प्रहार; आक्रमण, 13) कमीज़ पल्ला, 15) पैंतरेबाज़ी, 17) एक मसालेदार जड़, 19) वक्ष, 20) अखंड; सतत, 21) कपड़ा सीनेवाला; *टेलर*, 23) सीमा; मर्यादा, 25) चौपट; ध्वस्त, 26) पारिजात; स्वर्गतरु, 27) थलसेना.

*ऊपर से नीचे:-* 1) अग्रगण्य; प्रथम स्थानीय, 2) होशियार; सचेत, 3) नक्षत्र; *स्टार*, 4) गणपूर्ति *(सभा)*, 5) प्रतिष्ठा, 6) चिकनी चुपड़ी बात; झूठी प्रशंसा, 8) सहोदरा, 12) विकल्पहीन; विवश; असहाय, 14) उद्देश्य, 16) अंदर नहीं, 18) झिरी; विलगाव, 19) मिसाल; कहावत, 21) चोर ज़मीन; वह जमीन जिस पर चलने से पैर धँस जाता हो, 22) नवनिर्माण; पुनर्रचना; टूटी-फूटी वस्तुओं का फिर से सुधार, 23) उन्माद; पागलपन; विक्षिप्तता, 24) जीवन.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ■ | प्र | वा | द | ■ | अ | स्त | व्य | स्त |
| वि | ■ | या | ■ | वा | य | व्य | ■ | ती | र |
| वा | रा | ण | सी | ■ | श | व | ■ | त | ■ |
| हि | ■ | ■ | क | न्या | ■ | स्था | न | ■ | ज |
| त | ल | वा | र | ■ | ली | ■ | र | सा | ल |
| ■ | फं | दा | ■ | मु | क | द | मा | ■ | पा |
| दं | गा | ■ | भी | ड़ | ■ | ■ | ई | मा | न |
| ग | ■ | कुं | ■ | ना | ह | क़ | ■ | मू | ■ |
| ल | ग | भ | ग | ■ | श्र | ■ | का | ली | न |

## सुडोकू-पहेली-2860

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 4 | 8 | | | |
| | | | | | | 1 | | |
| | | | | 3 | | | | |
| | 2 | | 1 | | | 7 | | |
| 5 | | 4 | | | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| 6 | | | | | | | 4 | 3 |
| | | | 2 | | | | 5 | |
| | 1 | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2859 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 3 | 8 | 7 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 8 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 | 5 | 1 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 1 | 9 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 4 |
| 5 | 9 | 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 3 | 4 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 7 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |

# सीमा पार घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में शांति स्थापित की जा सकती है : अमित शाह

❑ गृह मंत्री का दावा, पीएम मोदी ने आंतरिक सुरक्षा, सीमाओं की सुरक्षा को मजबूत बनाया
❑ गृह मंत्री ने पेट्रापोल यात्री टर्मिनल भवन और मैत्री द्वार का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल यात्री टर्मिनल भवन और मैत्री द्वार के उद्घाटन करते ही घुसपैठ को लेकर सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा बंगाल में सत्ता में आई तो घुसपैठ रोक देंगे। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता 2026 में परिवर्तन लाएं। हम तभी राहत की सांस लेंगे जब हम सत्ता में आने पर घुसपैठ रोकेंगे। घुसपैठ रुकेगी तो ही बंगाल में शांति लौटेगी। लैंड पोर्ट अथॉरिटी कई विकास कार्य कर रही है। उन्होंने ने कहा कि मैंने साथी मंत्री शांतनु ठाकुर से पूछा कि बांग्लादेश से कितने लोग इलाज के लिए आते हैं? उन्होंने कहा कि कल्याणी एम्स में लगभग हर दिन कम से कम पांच से छह हजार लोग इलाज के लिए आते हैं। फलस्वरूप, हमारी आय बढ़ती है।

**❑ गृह मंत्री का आरोप, बंगाल के लोगों को नहीं मिल रहा स्वास्थ्य योजना का लाभ**

शाह ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी ने विभिन्न क्षेत्रों में नई शुरुआत की है। स्वास्थ्य योजना में प्रत्येक को पांच लाख रुपये का लाभ मिलते हैं, लेकिन इस प्रोजेक्ट का फायदा बंगाल के लोगों को नहीं हो रहा है, लेकिन चिंता न करें, अगर 2026 में भाजपा सत्ता में आई तो आपको भी इस योजना का लाभ मिलेगा। आज जतिन दास का जन्मदिन है। मैं उनका सम्मान करता हूं। आज यहां एकीकृत चेक पोस्ट, यात्री टर्मिनल, मैत्री द्वार का उद्घाटन किया गया। यह छोटी सी बात लग सकती है, लेकिन इससे साबित होता है कि हमारे प्रधानमंत्री कितने दूरदर्शी हैं कि वह चप्पे-चप्पे पर नजर रखते हैं। शाह ने कहा कि लैंड पोर्ट का उद्घाटन यह दर्शाता है कि कैसे पीएम मोदी अपने विजन के माध्यम से सभी क्षेत्रों में जान फूंक रहे हैं। वे नई शिक्षा नीति लेकर आए।

**❑ 'पिछले 10 साल में लैंड पोर्ट अथॉरिटी ने प्रगति की'**

गृह मंत्री ने आगे कहा कि पीएम मोदी ने आंतरिक सुरक्षा, सीमाओं की सुरक्षा और खेलों में कई नई शुरुआत की और इतना ही नहीं, उन्हें तार्किक परिणति तक पहुंचाया और सफल बनाया। पिछले 10 वर्षों में लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ने प्रगति की है। इससे क्षेत्र की समग्र समृद्धि में मदद मिलेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि लैंड पोर्ट पेट्रापोल दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा लैंड पोर्ट है।



ये भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार और वाणिज्य के लिए एक अहम प्रवेश द्वार है।

**❑ बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनावों में परिवर्तन का आह्वान**

अमित शाह ने 2026 के विधानसभा चुनावों में परिवर्तन लाने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा का लक्ष्य सिर्फ विकास है और बंगाल में अगर हमारी सरकार बनती है तो यहां अवैध घुसपैठ की समस्या नहीं होगी और सीमा पर सुरक्षा कड़ी होगी। अमित शाह ने आगे यह भी कहा कि हो सकता है कि बंगाल के लोगों में कुछ नाराजगी हो सकती है, लेकिन चिंता न करें, 2026 के चुनावों के बाद भाजपा सरकार इस नाराजगी को दूर करेगी।

## महिला पत्रकार से यौन उत्पीन के आरोप में माकपा नेता तन्मय भट्टाचार्य निलंबित



**कोलकाता, समाज्ञा :** एक महिला महिला मीडिया कर्मी से छेड़छाड़ के आरोप में वाममोर्चा नेता तन्मय भट्टाचार्य पर पार्टी की गाज गिरी है। ऐसे में सीपीएम के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा कि तन्मय भट्टाचार्य को पार्टी निलंबित किया जा रहा है। मोहम्मद सलीम ने कहा कि उक्त मामले में माफी को तो सवाल ही नहीं उठता है। पार्टी अपने सिद्धांतों पर सख्त है। पार्टी तन्मय पर लगे आरोपों की आंतरिक जांच कराएगी। जब तक जांच होगी, तन्मय निलंबित रहेंगे। सलीम ने कहा कि जांच कमेटी जो प्रस्ताव देगी उसके अनुसार कार्रवाई की जायेगी। बहरहाल, पीड़ित महिला मीडिया कर्मी ने अपने लाइव वीडियो में कहा कि रविवार की सुबह मेरा एक असाइनमेंट था। मैं चार साल से पत्रकारिता कर रही हूं। ऐसी घटना मेरे साथ कभी नहीं घटी। सीपीएम नेता का रविवार की सुबह साक्षात्कार लेना था। मै उनके पास गई। इससे पहले भी वह कथित मजाक के नाम पर शरीर को छूने की कोशिश कर चुके हैं। लेकिन, इस दिन, जब मेरा कैमरा पर्सन कैमरे का फ्रेम ठीक कर रहा था तो तन्मय मेरी गोद में बैठ गए और पूछने लगे कि कहां बैठना है। मैंने किसी तरह से इंटरव्यू कर लिया क्योंकि वह मेरा काम है, लेकिन इसके बाद से मै काफी परेशान हो गई। इधर, मामले पर माकपा नेता तन्मय भट्टाचार्य ने कहा कि उनकी मजाक करने की आदत है लेकिन इस तरह से मामला सामने आएगा यह सोचा नहीं था।

# 'हमारे एक फल तोड़ेंगे तो हम चार फल तोड़ेंगे', मिथुन चक्रवर्ती ने ममता को दी खुली चुनौती

❑ कहा... 'बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा का होगा शासन'
❑ भाजपा नेता सह अभिनेता ने एक करोड़ सदस्य बनाने का किया आह्वान

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता सह अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने रविवार को एक करोड़ सदस्यता बनाने का आह्वान करते हुए ममता बनर्जी को चैलेंज दिया। उन्होंने कहा कि एक लीडर कहता है कि हम 70 फीसदी मुस्लिम हैं, 30 परसेंट हिंदू हैं। हम इनको काटकर भागीरथी में फेंक देंगे। हमने सोचा सीएम कुछ तो बोलेंगी, लेकिन नहीं बोलीं। उन्होंने कहा कि मैं कहता हूं तुमको काटकर तुम्हारी ही जमीन पर फेंकेगे। भागीरथी हमारी मां हैं। इसीलिए बार-बार कह रहा हूं। हम कुछ भी करेंगे। हमको पैसा लेने वाला कार्यकर्ता नहीं चाहिए। अगर आप हमारे झाड़ का एक फल तोड़ोगे, तो हम आपके झाड़ का 4 फल तोड़ेंगे। ये 28 साल का मिथुन बोल रहा है। हमने खून की राजनीति की है, हमें सब पता है। उन्होंने कहा कि ये हमको मारेंगे, हिंदू वोटर्स को वोट नहीं देने देंगे। अगर वो हमारे हिंदू वोटर्स को वोट नहीं देने देंगे तो अगले साल उनके वोटर्स वोट नहीं दे पाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं होम मिनिस्टर के सामने बोल रहा हूं। कुछ भी, कुछ भी मतलब कुछ भी। कुछ भी के अंदर बहुत संदेश छुपा है। मिथुन चक्रवर्ती ने कोलकाता में 'पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र' (ईजेडसीसी) में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सामने ये बातें कहीं। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव के बाद राज्य का 'मसनद' (सिंहासन) भाजपा का होगा। उन्होंने कहा कि 2026 में मसनद हमारा होगा और हम इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। राज्यसभा के पूर्व सदस्य ने कहा कि उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए 37 दिन तक पार्टी के लिए प्रचार किया था। उन्होंने कहा कि उन्हें उन परिणामों से दुख हुआ जिसमें भाजपा 2019 में पश्चिम बंगाल की 42 सीट में से 18 सीटों से घटकर 12 पर आ गई।



उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों से 30 नवंबर तक चलने वाले अभियान में एक करोड़ सदस्यता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। अभिनेता ने कहा कि वह नवंबर में राज्य में सदस्यता अभियान में शामिल होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह मार्च से राज्य में एक जिले से दूसरे जिले, गांव से गांव तक यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर हमारे पास 1 करोड़ सदस्य हैं, तो 2026 में हमारी सरकार होगी।

### वोट प्रतिशत में तीन-चार फीसदी बढ़ोतरी पर बंगाल में भाजपा की सरकार होगी : सुकांत मजूमदार

**प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने रविवार को कहा कि वर्ष 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को पछाड़कर राज्य की सत्ता में आने के लिहाज से भाजपा के वोट प्रतिशत में तीन-चार प्रतिशत की बढ़ोतरी पर्याप्त होगी। सुकांत मजूमदार ने ईजेडसीसी में पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर हम अपना वोट प्रतिशत तीन से चार फीसदी तक बढ़ा सकें, तो भारतीय जनता पार्टी 2026 में बंगाल में सरकार बना लेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी वोट प्रतिशत में तीन से चार फीसदी बढ़ोतरी की राह में आने वाली बाधा को दूर करने के लिए एक करोड़ नए सदस्यों का लक्ष्य बना रही है। भाजपा नेता ने लोगों से बांग्लादेश से सबक सीखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें लोगों से बांग्लादेश से सबक सीखने और सचेत रहने के लिए कहना चाहिए।**

### हम बंगाल में भाजपा के एक करोड़ सदस्य बनाएंगे : अग्निमित्रा पॉल

भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने रविवार को भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान पर कहा कि पश्चिम बंगाल में हमारा सदस्यता अभियान थोड़ा देर से शुरू हुआ। हमने इसे दुर्गा पूजा के बाद शुरू करने की योजना बनाई थी। जबकि, यह पूरे भारत में पहले ही शुरू हो चुका था। हमारा लक्ष्य एक करोड़ सदस्यों को नामांकित करना है और हम इस लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस अभियान का अनूठा पहलू यह है कि सभी पिछली सदस्यताएं निलंबित मानी जाएंगी, जिससे सभी को अपनी सदस्यता नवीनीकृत करने का मौका मिलेगा। हमारी पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से काम करती है। पहले पार्टी का काम देखें और फिर सदस्य बने। हम लोग पूरी तरह से राज्य विधानसभा चुनाव के लिए भी तैयार हैं। हम लोग एक करोड़ सदस्य जरूर बनाएंगे।

## जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन अंत अच्छा नहीं रहा : भाजपा

### शुभेंदु का दावा... 'जूनियर डॉक्टरों को मुख्यमंत्री के साथ नहीं करनी थी बैंठक'

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा ने जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन को विफल करार दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को दावा किया कि जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन की शुरुआत तो अच्छी रही, लेकिन अंत अच्छा नहीं रहा है। जूनियर डॉक्टरों को मुख्यमंत्री के साथ बैठक नहीं करनी चाहिए थी। लोगों ने इसे अच्छा नहीं लिया है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि जूनियर डॉक्टरों ने अपने आंदोलन में राज्य में मुख्य विपक्षी दल भाजपा को शामिल नहीं कर गलती की है। शुभेंदु ने कहा कि 27 अगस्त को राज्य सचिवालय नवान्न अभियान में न जाकर जूनियर डॉक्टरों ने गलती की। सुकांत ने



जूनियर डॉक्टरों की धमकी संस्कृति की शिकायत पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि धमकी की संस्कृति को ममता बनर्जी ने जन्म दिया है। शुभेंदु कहा कि दिवाली के बाद वे राजभवन जाकर राज्यपाल को सार्वजनिक हस्ताक्षर सौंपेंगे। दूसरी ओर, जूनियर डॉक्टरों का दावा है कि उन्होंने आंदोलन नहीं छोड़ा है। भले ही, सरकार कई मांगें मान ले, लेकिन पीड़िता को न्याय दिलाने की लड़ाई जारी रहेगी।

## आरजीकर समेत कई मेडिकल कॉलेजों में भारी भ्रष्टाचार, सीबीआई रिपोर्ट में खुलासा

**❑ सुप्रीम कोर्ट को सौंपी गई स्टेटस रिपोर्ट में केंद्रीय जांच एजेंसी ने भ्रष्टाचार की दी जानकारी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीबीआई की मानें तो पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार चल रहा है और 2000 करोड़ रुपये से भी अधिक का गबन हुआ है। सीबीआई ने दावा किया है कि बंगाल में आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ही नहीं बल्कि राज्य के कई सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कालेजों में पिछले 10 वर्षों में भारी वित्तीय भ्रष्टाचार हुआ है। केंद्रीय एजेंसी का कहना है कि अगर भ्रष्टाचार की रकम 2,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा हो जाए तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने हाल में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को सौंपी गई अपनी स्टेटस रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया है। सीबीआई ने स्टेटस रिपोर्ट में कहा है कि भ्रष्टाचार आरजीकर अस्पताल के बाहर भी फैल गया है।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अगर आरजी कर अस्पताल के बाहर भ्रष्टाचार का जाल फैला है तो जरूरत पड़ने पर सीबीआई इसकी जांच कर सकती है। सीबीआई का कहना कि आरजीकर अस्पताल के वित्तीय भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और उनके दो करीबी व्यवसायियों सुमन हाजरा व बिप्लब सिंह के संपर्क स्रोतों की विस्तृत जानकारी सामने आने के बाद उसे इस भ्रष्टाचार के जाल के बारे में पता चला है।

### जूनियर डॉक्टर 30 अक्टूबर को सीबीआई कार्यालय तक निकालेंगे मार्च

**कोलकाता, समाज्ञा**

आरजीकर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर को न्याय दिलाने के लिए जूनियर डॉक्टरों ने एक बार फिर 30 अक्टूबर को सीबीआई दफ्तर तक रैली निकालने का फैसला किया है। यह निर्णय शनिवार की देर रात आयोजित सम्मेलन के बाद लिया गया, जिसमें राज्य के विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों के साथ सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि और बांग्ला मनोरंजन उद्योग के कलाकार भी शामिल हुए। सम्मेलन के बाद डॉक्टरों ने कैंडल मार्च निकाला। आंदोलन की अगुवाई कर रहे अनिकेत महतो ने बताया क 30 अक्टूबर को सीबीआई दफ्तर के बाहर रैली निकालने का निर्णय लिया गया है।

**NAME AND D.O.B CHANGE**

I, Anita Rana wife of JC-561671H, Rank- SUB (CLK SD), Name- Anil Kumar Rana R/O Village- Pucca Tiala, P.O- Kandwal, Dist.- Kangra, Pin- 176201, State- Himachal Pradesh, do hereby declare by Vide affidavit No. 23-24/01/17408 before the Notary Public at Ranchi dated 22.10.2024 have changed my date of birth from 15.07.1978 to 21.08.1979. That my D.O.B in my husband's service record wrongly mentioned as 15.07.1978. That my actual and correct date of birth is 21.08.1979.

**CHANGE OF NAME**

I, Nitu Kanwar spouse of JC-391942A Rank- Nb Sub, Name- Ishwar Singh Rathore, residing at Village/Post- Mayala, Tehsil- Masuda, District- Ajmer, Rajasthan, Pin.-305623, do hereby declare that I have changed my name from Nitu Kanwar Rathore to Nitu Kanwar Vide affidavit before the Notary Public Bablu Kumar Naskar Regn No.102/2007 at Alipur Police Court, Kolkata-700027 dated-01/10/2024.

## काली पूजा को लेकर पुलिस सक्रिय, कोलकाता पुलिस कमिश्नर ने पूजा आयोजकों के साथ की बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** काली पूजा को लेकर शनिवार को कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने धनधान्य ऑडिटोरियम में पूजा आयोजकों के साथ बैठक की। इस बैठक में फायर ब्रिगेड, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सीईएससी और कोलकाता नगर निगम के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के बाद सीपी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि काली पूजा और दिवाली पर कोई अप्रिय घटना नहीं होगी।' हालांकि, पुलिस कर्मी सतर्क है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर निगरानी से पहले भी कई चीजें देखी जा चुकी है। मैं अभी उस बारे में विस्तार से कुछ नहीं कहना चाहता। इस संबंध में कोलकाता पुलिस की सभी इकाइयों को अलर्ट कर दिया गया है। हमारी खुफिया विंग को और अधिक सक्रिय



किया गया है। अगर कहीं भी गड़बड़ी की सूचना मिलेगी तो पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। इस बीच, काली पूजा के दौरान प्रतिबंधित पटाखों को रोकने के लिए पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। इस दिन, सीपी ने कहा कि प्रतिबंधित पटाखे बेचने वाले और खरीदने वाले दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। केवल पर्यावरण अनुकूल पटाखों का ही उपयोग किया जा सकता है। पूजा उद्यमियों को प्रतिबंधित पटाखे रोकने के लिए जागरूक रहने की भी हिदायत दी गई।

## चक्रवात 'दाना' ने बंगाल में 1 लाख हेक्टेयर जमीन की फसल की बर्बाद, किसान चिंतित

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में चक्रवात 'दाना' ने अपना कहर दिखाते हुए फसलों को बर्बाद कर दिया है। अब तक करीबन 1 लाख हेक्टेयर जमीन की फसल बर्बाद होने की खबर है। बारिश के रुकने और मौसम साफ होने के बाद सही आंकड़े सामने आएंगे। कृषि विभाग के प्रारंभिक सर्वेक्षण के अनुसार, तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण पूर्व मेदिनीपुर, हावड़ा और हुगली समेत 9 जिलों में लगभग 1 लाख हेक्टेयर फसल नष्ट हो गई है। सोमवार से कृषि विभाग की विशेष टीम अलग-अलग जिलों में जाकर पूरा सर्वे करेगी। राज्य कृषि विभाग के मुताबिक, पूर्व मेदिनीपुर में 20 हजार हेक्टेयर जमीन पानी में डूब गई हैं। इसमें से 17 हजार हेक्टेयर जमीन पर



चावल की खेती होती थी। इसके अलावा 3 हजार हेक्टेयर जमीन पर फूल, सब्जियां और सुपारी की फसल को नुकसान पहुंचा है। कई जगहों पर मछली के तालाब, ग्रामीण सड़कें पूरी तरह पानी में डूबी हुई हैं। आशंका है कि हुगली जिले में लगभग 1,200 हेक्टेयर सब्जी और धान के बीज खराब हुए हैं। हावड़ा के ग्रामीण इलाकों में भी खेती को काफी नुकसान हुआ है। बागनान, देउल्टी और अन्य फूल उत्पादक क्षेत्रों में भी जलजमाव के कारण फसलें सड़ गई हैं। राज्य ने प्रभावित किसानों के लिए फसल बीमा के लिए आवेदन की अवधि एक महीने और बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित किया है कि एक भी किसान मुआवजे से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस बीच, शनिवार को विभिन्न जिलों से किसानों ने नवान्न को फोन कर जानकारी दी। विभाग के प्रमुख सचिव ओंकार सिंह मीना इस मामले पर नजर रख रहे हैं। हालांकि कृषि विभाग के सूत्रों के मुताबिक अभी पूरी रिपोर्ट नहीं आयी है। नुकसान की मात्रा और बढ़ने की संभावना है।

## बंगाल में सात नवंबर से पान मसाला और गुटखा पर प्रतिबंध

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में अगले महीने से तंबाकू मिश्रित पान मसाला और गुटखों पर प्रतिबंध लगने जा रहा है। रविवार को राज्य सचिवालय नवान्न की तरफ से सात नवंबर 2024 से बंगाल में गुटखा और पान मसाले पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश जारी किया गया है। इसके लिए नवान्न की ओर से दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। इन दिशा निर्देशों में खाद्य सुरक्षा की धाराओं का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि तंबाकू और निकोटीन के उपयोग से बनने वाली चीजें स्वास्थ्य के लिए अच्छी नहीं हैं। गुटखा और पान मसाला में तंबाकू और निकोटीन जैसे पदार्थ होते हैं, इसलिए ये स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। ऐसे में पान मसाला और गुटखा के उत्पादन, भंडारण, वितरण एवं बिक्री



पर एक साल के लिए रोक लगाई जा रही है। उक्त निर्देश सात नवंबर 2024 से पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।

**CHANGE OF NAME**

I, Abhishek Kumar Army No. JC-563175A, Rank- Nb Sub) presently residing at 14, Bihar C/o 99APO, Pin- 910514 Fort William, Dalhousie Barrack, Kolkata, do hereby declare that I have changed my daughter's name from VAISHNAVI to VAISHNVI Vide affidavit Before the Notary Public at Alipore, 24 Parganas (South) dated- 01.10.2024.

**मैत्री एक्सप्रेस निरस्त**

बांग्लादेश रेलवे से प्राप्त संदेश के अनुसार, **13109 कोलकाता-ढाका मैत्री एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 29.10.2024) तथा **13107 ढाका-कोलकाता मैत्री एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 29.10.2024) **निरस्त** रहेंगी। असुविधा के लिए खेद है। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## कोलकाता पुलिस सिविक वॉलंटियर्स को देगी विशेष ट्रेनिंग

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने आरजीकर मामले के बाद अपने सिविक वॉलंटियर्स को विशेष ट्रेनिंग देने का फैसला किया है। यह प्रोग्राम 4 नवंबर से कोलकाता पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में शुरू होगा। 21 दिनों की यह नॉन-रेजिडेंशियल ट्रेनिंग प्रत्येक चरण में 160 सिविक वॉलंटियर्स को ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग का मकसद आरजीकर मामले के मुख्य आरोपी संजय रॉय सहित विभिन्न घटनाओं में सिविक वॉलंटियर्स पर लगे आरोपों के बाद उनकी क्षमता और जिम्मेदारियों को मजबूत करना है। बता दें कि हाल ही में, सुप्रीम कोर्ट ने आरजी कर मामले की सुनवाई के दौरान भी सिविक वॉलंटियर्स पर



सवाल उठाए थे। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए कोलकाता पुलिस ने यह फैसला किया है कि सभी सिविक वॉलंटियर्स को अनिवार्य रूप से इस ट्रेनिंग में हिस्सा लेना होगा। ट्रेनिंग के दौरान दो क्लासेज होंगी और ये ट्रेनिंग 21 दिनों तक चलेगी। पहले सेशन में कानून की कक्षा होगी और पीटी, शारीरिक प्रशिक्षण और परेड वगैरह, जबकि दूसरे सेशन में पहले सेशन की क्लासेज इंडोर होंगी और दूसरा सेशन आउटडोर ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक मीराज खालिद ने बताया कि सिविक वॉलंटियर्स का मूल कार्य ट्रैफिक प्रबंधन में पुलिस कर्मियों की मदद करना होता है। ट्रैफिक प्रबंधन की ट्रेनिंग के अलावा, कई अन्य महत्वपूर्ण बातों को भी सिखाया जाएगा जैसे बल का अनुशासन, नागरिकों के साथ संवाद करने का सही तरीका, और खासतौर पर गंभीर परिस्थितियों में जनता की सुरक्षा कैसे करनी है। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम की घोषणा के साथ, कोलकाता पुलिस यह सुनिश्चित करना चाहती है कि उसकी सिविक वॉलंटियर्स टीम ज्यादा समर्थ और जिम्मेदार बने ताकि भविष्य में किसी घटना से निपटने में वे सक्षम हों।

## तृणमूल कांग्रेस ने अमित शाह के बयान पर किया पलटवार

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर महिला डॉक्टर से हुए दुष्कर्म और हत्या मामले में केंद्रीय गृह मंत्री के वार पर तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने पलटवार किया है। इस दौरान, कुणाल घोष ने पांच राज्यों का जिक्र करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। साथ ही, अमित शाह पर बड़ा आरोप भा लगाया। कुणाल घोष ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इन भाजपाइयों के राज में देश में महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध होते हैं। महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, मणिपुर और दिल्ली में होते हैं और ये लोग



बंगाल में आकर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। घोष ने कहा कि दरअसल भाजपा वाले सिर्फ राजनीति करते हैं, उन्होंने महिला डॉक्टर के माता-पिता से मिलने का समय तक नहीं दिया। हम अमित शाह के बयान की निंदा करते हैं। भाजपा को आरजीकर मामले में एक शब्द भी कहने का अधिकार नहीं है।



page 4_page11 28-10-2024 01:44 Page 1



# छठ महापर्व के दौरान घाटों पर दिखेगा स्वच्छता और सौंदर्यीयकरण का अद्भुत नजारा

**हुगली, समाज्ञा :** लोक आस्था के महा पर्व की गूंज अब सुनाई पड़ने लगी है। छठ पर्व में अब कुछ ही दिन शेष बचे है। दीवाली के बाद चार दिवसीय छठ पर्व की शुरुआत होती है। बिहार में मनाया जाने वाला लोक आस्था का पर्व अब समस्त विश्व भर में मनाया जाता है। छठ पर्व को लेकर रिसड़ा नगरपालिका के तरफ से युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने बताया कि रिसड़ा मिनी भारत के तौर पर जाना जाता है। यहां हिंदी भाषियों की भरमार है। रिसड़ा में लोकास्था का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता



है। रिसड़ा नगरपालिका छठ व्रतियों की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है। छठ पर्व और विश्व में दूसरा स्थान प्राप्त रिसड़ा की जगद्धात्री पूजा के लिए सड़कों की मरम्मत का काम युद्धस्तर पर शुरू हो गया है। छठ पर्व से पहले ही घाटों की साफ-सफाई, मरम्मत, पर्याप्त लाइट की व्यवस्था, घाटों के सौदर्यीयकरण का काम पूरा कर लिया जायेगा। रिसड़ा नगरपालिका के तहत 12 घाट आते हैं। सभी घाटों पर साफ-सफाई मरम्मत का काम शुरू हो गया है। मिश्रा ने कहा कि छठ व्रतियों की सुविधार्थ घाटों पर बायो टॉयलेट, लाइटिंग, मेडिकल कैंप इत्यादि की विशेष व्यवस्था रहेगी। घाटों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। पर्व के दौरान किसी तरह की अनहोनी न घटे इसको लेकर भी पालिका तत्पर है। घाटों को नेट से घेरा जा रहा है ताकि छठ वर्ती अर्घ्य के दौरान गहराई के तरफ नहीं जा सकेंगे। नगरपालिका के स्वयंसेवक छठ व्रतियों की सुरक्षा में तैनात रहेंगे। चंदननगर पुलिस प्रशासन के तरफ से घाटों पर सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध रहेंगे। पालिका इस वर्ष विभिन्न स्विमिंग क्लब से तैराकों को छठ व्रतियों की सुरक्षा के लिए घाटों पर तैनात रखेगी। किसी भी आपात स्थिति में वे लोग डूबने से लोगों को बचा सकेंगे। सिविल डिफेंस की कुशल टीम भी घाटों पर सुरक्षा के लिए तैनात रहेगी। खुद पालिका चेयरमैन हरेक वर्ष की तरह इस वर्ष भी लांच की मदद से सभी 12 घाटों का निरीक्षण करेंगे। सभी कच्चे अस्थाई घाटों तालाबों की भी साफ-सफाई मरम्मत पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पालिका के पार्षद इस काम में उनका सहयोग कर रहे हैं। रिसड़ा नगरपालिका के 1 नंबर वार्ड के पार्षद पार्थ सारथि गुप्ता ने बताया कि पालिका चेयरमैन विजय सागर मिश्रा के सहयोग से वेलिंग्टन घाट के आस पास जहां बैठकर छठवर्ती पूजा करते है उसे कंक्रीट का बना दिया गया है ताकि छठ व्रतियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। अर्घ्य देने के लिए नदी में उतरने के लिए लकड़ियों की सीढ़ियां बना दी गई है। घाट को नेट और बांस से घेर दिया गया है। कोई भी छठवर्ती गहराई तक नहीं जा सकेगा।

## अवैध पार्किंग रोकने के लिए केएमसी दोगुना कर सकती है जुर्माना

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) इस बार महानगर में बढ़ती अवैध पार्किंग रोकने के लिए सख्त कदम उठाने जा रही है। यहां तककि अवैध पार्किंग को रोकने के लिए जुर्माने को दोगुना करने पर भी विचार किया जा रहा है। दरअसल, गत शनिवार को नगर निगम आयुक्त धबल जैन ने अधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों के एक वर्ग ने बैठक में कहा कि अवैध पार्किंग पर अंकुश लगाने के लिए जुर्माना दोगुना करना प्रभावी होगा। क्योंकि वर्तमान में अवैध स्थानों पर पार्किंग करने पर 1000 रुपये का जुर्माना लगता है। उस जुर्माने की राशि दोगुनी करने से समस्या कुछ हद तक हल हो जायेगी।




भारी जुर्माने के डर से बहुत से लोग अपनी गाड़ियां इधर-उधर नहीं छोड़ेंगे। इस बीच, कोलकाता शहर में कई पार्किंग स्थल हैं। वाहन को अन्यत्र पार्क करने पर वाहन मालिक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, समस्या के समाधान के लिए कोलकाता में पार्किंग स्थलों की संख्या पर भी विचार किया जा रहा है।

## पश्चिम मेदिनीपुर में बाढ़ से बिगड़े हालात, कई तटबंध टूटे व घरों में घुसा पानी

**पश्चिम मेदिनीपुर :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले में पिछले कुछ दिनों से हुई भारी बारिश के बाद अब हालात खराब हो गए हैं। जिले के कई स्थानों पर बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। यही नहीं, केशपुर के कुबाई नदी में चार स्थानों पर नदी का बांध टूट गया है। बताया जा रहा है कि केशपुर के मुगबासन समेत कई क्षेत्रों में पिछले दो दिनों से बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। रविवार की सुबह चंद्रकोना के भवानीपुर इलाके में स्थित शिलावती नदी का तटबंध टूट गया, जिसके चलते क्षेत्र के कई गांवों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। पिछले तीन हफ्तों में पश्चिम मेदिनीपुर जिले के घाटाल, केशपुर समेत विभिन्न इलाके बाढ़ की स्थिति से कुछ हद तक उबर पाए हैं। इस बीच, किसानों ने खुद को संभालने की कोशिश की। लेकिन, फिर चक्रवात 'डाना' का प्रकोप शुरू हो गया और इस वजह से भारी बारिश भी हुई। ग्रामीणो ने कहा कि पिछली बार आई बाढ़ में भी यह बांध टूट गया था और इसके बाद इसे फिर से बनाया गया।

रविवार को जैसे ही पानी का दबाव बना तो सब कुछ टूटकर बह गया। पानी का बहाव इतना तेज था कि यह बांध खुद को रोक नहीं सका। इससे चंद्रकोना के कई गांवों में पानी भर गया है। स्थानीय निवासी ने बताया कि लगातार हुई बारिश की वजह से नदियां उफान पर हैं और बाढ़ का पानी उनके घरों तक में घुस आया है। साथ ही, फसलें भी खराब हो गई है।

## तमलुक में पेड़ और साइकिल से टकराकर नहर में गिरी कार, चार की मौत व एक घायल

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर जिले के तमलुक में शनिवार रात को नेशनल हाईवे-116 पर भीषण सडक़ हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया है, जिसका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। चार मृतकों में से तीन की पहचान प्रशांत राय, राजेंद्र सामंत और भास्कर मोदोक के रूप में हुई है। चौथा मृतक एक महिला है, जिसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। चश्मदीदों ने बताया कि तेज रफ्तार से आ रहे एक चार पहिया वाहन की विपरीत दिशा से आ रहे एक अन्य वाहन से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के कारण वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया और उसी लेन से गुजर रहे तीन साइकिल सवारों को टक्कर मारने के बाद वाहन नेशनल हाईवे के पास एक नहर में जा गिरा। दो साइकिल



सवार प्रशांत राय और राजेंद्र सामंत तथा चार पहिया वाहन के चालक भास्कर मोदोक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक महिला उसी चार पहिया वाहन में सवार थी। तीसरा साइकिल सवार, जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। दुर्घटना में मारे गए दोनों साइकिल सवार पूर्व मेदिनीपुर जिले के तमलुक के भंडारबेड़िया के निवासी हैं। मृतक चालक पश्चिम मेदिनीपुर जिले के घटाल का निवासी है। शुरुआत में, स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। हालांकि, बाद में, स्थानीय थाने से भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और बचाव कार्य में जुट गया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जिन मृतकों की पहचान हो गई है उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## भांगड़ में दंपत्ति का शव मिलने पर हड़कंप

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण 24 परगना जिला अंतर्गत भांगड़ इलाके में एक दंपत्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। मृतकों की पहचान मोशारेफ पियादा (50) और शाहनारा बीबी (46) के रूप में की गई है। घटना रविवार की सुबह भांगड़ के चंदनेश्वर थाना इलाके की है। प्राथमिक तौर पर, पुलिस से हत्या का मामला मान रही है। मृतक मुशर्रफ के शव के बगल से उसकी पत्नी शहानारा बीबी का अर्धनग्न रक्तरंजित शव बरामद किया गया। हत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। खबर पाकर चंदनेश्वर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम



के लिए भेज दिया गया है। मृत मुशर्रफ के घर के सामने एक दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगा है। चंदनेश्वर थाने की पुलिस उस कैमरे के फुटेज देख कर अपराधियों को समाप्त करने की कोशिश कर रही है। पड़ोसियों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का अनुमान है कि पुरानी किसी रंजिश को लेकर इस वारदात को अंजाम दिया गया है।

## सात साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में 50 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता :** नदिया के शांतिपुर इलाके में एक नाबालिग बच्ची से यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। आरोप है कि 50 साल के एक व्यक्ति ने बच्चे साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति सामद शेख उर्फ साबेद को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर एक सात साल की बच्ची अपने पड़ोसी की मौसी के घर से आकर सड़क किनारे खेलने लगी। इलाके के 50 वर्षीय समद शेख उर्फ साबेद ने बच्ची को बुलाया और खाना देने का लालच देकर अपने साथ ले गया और दुष्कर्म किया। रविवार की सुबह बच्ची ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। यह खबर फैलते ही पूरे इलाके में हंगामा मच गया। सभी पड़ोसियों ने मिलकर स्थानीय पार्षद को बुलाया और समद शेख नाम के बलात्कारी को शांतिपुर थाने के हवाले कर दिया। परिवार की ओर से शांतिपुर पुलिस स्टेशन में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है।

## एरिया कमेटी के नेताओं की उम्र सीमित करने के लिए सीपीएम के नए दिशानिर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीपीएम समय की मांग के मुताबिक आगे बढ़ रही है। पार्टी युवाओं को आगे लाने के लिए पहले भी कई कदम उठा चुकी है। इस बार एरिया कमेटी के नेतृत्व में अलीमुद्दीन ने पार्टी के सदस्यों की उम्र सीमा निर्धारित की। पार्टी की ओर से 'अभूतपूर्व' दिशानिर्देश जारी किए गए हैं, वह भी पार्टी के राज्य सचिव मोहम्मद सेलिम की अनुपस्थिति में जारी किए गए। सीपीएम राज्य सचिवालय और केंद्रीय समिति के सदस्य श्रीदीप भट्टाचार्य ने निर्देश पर हस्ताक्षर किए।



मुजफ्फर अहमद भवन द्वारा प्रकाशित अधिसूचना में एरिया कमेटी के गठन के लिए तीन दिशा-निर्देश दिए ग हैं। इसमें कहा गया है कि समिति के सदस्यों की औसत आयु कम करने, महिला प्रतिनिधियों को पर्याप्त स्थान देने को महत्व दिया जाना चाहिए। जो लोग वोट देकर समिति के सदस्यों का चुनाव करेंगे उन्हें मतपत्र पर अपने नाम के आगे अपनी उम्र भी लिखनी होगी। आम तौर पर सीपीएम एरिया कमेटी के सदस्यों की संख्या 13 होती है। उसमें 40 फीसदी यानी पांच लोग पचास से कम होने चाहिए। उन पांचों में से एक की उम्र 31 साल से कम होनी चाहिए और एक 40 से कम का होगा। वहीं, तीन सदस्य 50 से कम का होंगे। एरिया कमेटी में दो महिलाओं को रखा जायेगा।

## दिवाली और छठ पर्व पर भागलपुर और नई दिल्ली के बीच स्पेशल ट्रेन चलने से 7,200 बर्थ होंगी उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे दिवाली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए भागलपुर और नई दिल्ली के बीच एक विशेष ट्रेन चलाएगा। इसके तहत, 04035/04036 भागलपुर-नई दिल्ली-भागलपुर विशेष ट्रेनों का परिचालन 7,200 बर्थों की उपलब्धतता के साथ की जाएगी। 04036 नई दिल्ली-भागलपुर विशेष ट्रेन 30 अक्टूबर, 2 नवंबर और 5 नवंबर को नई दिल्ली से दोपहर 12:00 बजे रवाना होगी, जो अगले दिन 10:00 बजे भागलपुर पहुंचेगी। वहीं, 04035 भागलपुर-नई दिल्ली स्पेशल 31 अक्टूबर, 03 नवंबर और 6 नवंबर को भागलपुर से 13:00 बजे रवाना होगी



और अगले दिन 11:40 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। यह ट्रेन रास्ते में सुल्तानगंज, जमालपुर, अभयपुर, किऊल, पटना, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, प्रयागराज और कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी। इस ट्रेन में वातानुकूलित आवास होंगे। 04035 भागलपुर-नई दिल्ली स्पेशल की बुकिंग पीआरएस और इंटरनेट के माध्यम से उपलब्ध है।

## पूर्व रेलवे में विशेष अभियान 4.0 जारी, जागरूक गतिविधियों का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के डिवीजनों और कार्यशालाओं ने विशेष अभियान 4.0 के हिस्से के रूप में स्वच्छता चौपाल के तहत गहन सफाई और जागरूकता अभियान के साथ-साथ एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत सफलतापूर्वक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया है। कोलकाता, सियालदह, नैहाटी, मुंगेर, बंडेल, अजीमगंज सहित विभिन्न स्टेशनों पर रेल चौपाल अभियान आयोजित किए गए। इस दौरान रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने यात्रियों के साथ बातचीत कर रेलवे परिसर में स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाई। यात्रियों ने अपना फीडबैक भी दिया। इसके अलावा




बांका, अजीमगंज जैसे विभिन्न स्टेशनों पर गहन सफाई और संवेदीकरण गतिविधियां की गई। वहीं, पूर्व रेलवे ने भी एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत कोलकाता, सियालदह, नैहाटी, बंडेल, अजीमगंज, नबद्वीप धाम, वर्दवान जैसे विभिन्न स्टेशनों के परिसरों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए। इसके अलावा, पूर्व रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर गहन सफाई और कई गतिविधियां की गई।

## लापता प्रेमी का फंदे से लटकता शव प्रेमिका के घर के पास से बरामद

**दक्षिण दिनाजपुर :** प्रेमिका के घर के बगल में खाली खेत से प्रेमी का फंदे से लटकता शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान अमित सरकार (19) के रूप में की गई है। वह 12वीं का छात्र था। प्रेमी का फंदे से लटका शव शनिवार की देर रात मिलने से गंगारामपुर में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, गंगारामपुर शहर संलग्न नारायणपुर के लक्ष्मीतला के रहने वाले अमित सरकार का इलाके एक लड़की से प्रेम संबंध था। दोनों का रिश्ता जगजाहिर था। इससे दोनों परिवारों के बीच दरार पैदा हो गई। आरोप है कि शुक्रवार को लड़की के परिवारवालों ने लड़के के परिवार से मुलाकात की और रिश्ता तोड़ने की धमकी दी। जिसके बाद युवक शुक्रवार की शाम से लापता था। परिजनों ने उसकी कई जगह तलाश की लेकिन उसका



कोई पता नहीं चला। शनिवार की रात स्थानीय लोगों ने युवती के घर के बगल में खाली मैदान में युवक का फंदे से लटकता हुआ शव देखा। सूचना पाकर गंगारामपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। युवक को बरामद कर गंगारामपुर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल लाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए बालुरघाट जिला अस्पताल भेज दिया है। गंगारामपुर थाने की पुलिस घटना की जांच में जुट गयी है।

## वृत्ति के त्याग से ही अनासक्त भावना का विकास संभव है : मुनिश्री जिनेशकुमार जी

- **दीपावली कार्यशाला आत्मावलोकन का सफल आयोजन**

**हावड़ा :** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री जिनेश कुमार जी ठाणा- 3 के सान्निध्य में अ.भा.ते.म.मं. द्वारा निर्देशित दीपावली कार्यशाला आत्मावलोकन का सफल आयोजन प्रेक्षा विहार मे तेरापंथ महिला मंडल साउथ हावड़ा द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में साउथ हावड़ा, उत्तर हावड़ा, मध्य कोलकाता, बेहाला, महिला मंडल की बहनों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का विषय अनासक्त भावना का विकास और आत्मा का विमोचन रखा गया था। इस अवसर पर मुनिश्री जिनेश कुमार जी ने कहा व्यक्ति को विपुल वैभव प्राप्त हो सकता है। सुरसंपदा प्राप्त हो सकती है। पुत्र ज्ञाति जन बंधुजन सब




कुछ प्राप्त हो सकता है लेकिन धर्म का मिलना मुश्किल है। धर्म का एक सूत्र है अनासक्त भावना का विकास। अनासक्त चेतना का विकास होने पर व्यक्ति वीतरागता की ओर प्रस्थान कर सकता है। जब तक देह, नेह, व गेह की आसक्ति रहेगी तब तक आत्मा का दर्शन दुर्लभ है। वीतरागता का विकास असंभव है। व्यक्ति केवल वस्तु को ही त्याग न करे वस्तु के साथ आसक्ति वृत्ति का त्याग करें। मुनिश्री ने आगे कहा विसर्जन केवल घन का ही नहीं होता है समय का कषाय का विसर्जन जरूरी है। व्याक्ति आत्मा के विमोचन के लिए क्षमा की साधना करे। क्षमा धर्म का प्रवेश द्वारा क्षमा जीवन का बसंत है। क्षमा मिटाता मन का दूषण है। क्षमा जीवन का आभूषण है। क्षमा की साधना जरुरी है। व्यक्ति को क्रोध, घृणा, नफरत, वैर से दूर रहना चाहिए। ध्यान साधना के द्वारा अनासक्ति व क्षमा का विकास कर सकता है। दीपावली ज्योति का पर्व है। ज्योति के लिए क्षमा जरूरी है।

इस अवसर पर बाल मुनि श्री कुणाल कुमार जी मे सुमधुर गीत का संगान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी महिला मंडलों के पदाधिकारियों द्वारा गीत संगान से हुआ स्वागत भाषण तेरापंथ महिला मंडल साउथ हावड़ा की अध्यक्षा चंद्रकांता पुगलिया ने किया। साउथ हावड़ा सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीपत बाफणा ने शुभकामना संप्रेषित की। वैरागी भीखमचंद नखत ने अपने अनुभवो को संजोते हुए अपने विचार व्यक्त किये। आभार ज्ञापन मंत्री रेखा बैगानी ने किया। कार्यक्रम का संचालन मुनिश्री परमानंदजी ने किया।

## मारवाड़ी रिलीफ सोसायटी के शिविरों में 690 मरीजों का उपचार




**कोलकाता, समाज्ञा :** मारवाड़ी रिलीफ सोसायटी, कोलकाता की ओर से रविवार को दो स्थानों पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। ये शिविर शिमला गढ़ में भारत सेवा संघ के सहयोग एवं उत्तर 24 परगना के श्यामनगर में आदिवासी समुदाय के सहयोग से आयोजित किए गए। दानों शिविरों में कुल 690 मरीजों की जांच की गई। नेत्र परीक्षण के साथ ही सभी मरीजों की ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी आदि जांचें निःशुल्क की गई। जांच के दौरान 360 मरीजों की नजर कमजोर पाई गई उन्हें चश्में निःशुल्क प्रदान किए गए। 55 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के योग्य पाए गए, इनके ऑपरेशन कोलकाता स्थित मारवाड़ी रिलीफ सोसायटी अस्पताल में निःशुल्क किए जाएंग। मारवाड़ी रिलीफ सोसायटी के कैम्प को-ऑर्डिनेटर अजय दिवाकर ने बताया कि सोसायटी के प्रधान सचिव प्रहलाद राय गोयनका की प्रेरणा से आयोजित इस शिविर को सफल बनाने में डॉ. सुकांतो राय, डॉ. मलय दास, डॉ. शंकर मंडल का सराहनीय योगदान रहा।

## श्री जैन विद्यालय (बालक विभाग) में विज्ञान प्रदर्शनी महोत्सव का धूमधाम से हुआ आयोजन

**हावड़ा, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय (बालक विभाग) में रविवार को विज्ञान प्रदर्शनी महोत्सव का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। इसमें विभिन्न वर्ग के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही एक से बढ़कर एक आकर्षक मॉडल प्रदर्शनी में उतारकर अपने भविष्य की सोच को रखा। बच्चों की प्रस्तुति देखकर अतिथियों व अभिभावकों ने बच्चों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की एवं उनकी पीठ थपथपाई। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के संस्थापक सरदारमल कांकरिया एवं मुख्य अतिथि राम अधीन सिंह (पूर्व-प्रधानाध्यापक) ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बाद में बच्चों के द्वारा लगाए गए मॉडल स्टॉप पर निरीक्षण कर उनसे कई सवाल-जवाब किए। बच्चों ने अपनी चपलता दिखाते हुए मॉडल के बारे



में विस्तार से बताकर सभी को संतुष्ट किया।

इस अवसर पर पधारे अतिथियों में अशोक मिन्नी, वीरेंद्र जैन गिलडा, विनोद मिन्नी, प्रदीप पटवा, जयदीप पटवा, पदमा मिन्नी, मौसमी घोषाल, विद्यालय की प्रिंसिपल इंदु जोसफ चौधरी, संजय पांडेय आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में विद्यालय के कुल 200 छात्रों ने हिस्सा लिया। जिसमें क्लीन इंडिया, स्मार्ट सीटी, पर्यावरण, प्रदूषण,जल चक्र, पर्यावरण संरक्षण व सौर उर्जा, एआई रोबोट कार, एआई रोबोट, स्मार्ट सिटी वर्किंग मॉडल, वाटर एंड फायर अलार्म, हाइड्रोलिक लिफ्ट, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट मॉडल, डायलिसिस मॉडल, लेसर लाइट सिक्योरिटी सेंसर मॉडल, स्मार्ट सोलर पैनल, वाटर लेवल इंडिकेटर, हाइड्रोलिक प्रेशर मिसाइल, आइस कूलर, वर्किंग मॉडल ऑफ हार्ट, ब्लैक मैजिक, फेक ब्लड, फेक स्नो,लेजर सिक्युरिटी सिस्टम, स्मार्ट ग्लास फॉर ब्लाइंड, होलोग्राम, वाटर लेवल इंडिकाटेर, लेड ग्लो विदाउट बैटरी, डिजिटल डेटॉक्स, रोल ऑफ फिजिक्स इन कंट्रीज इकोनामी, हाइट एंड डिस्टेंस, स्कायरिंग मशीन, पास्काल ट्रायगल, प्रोबेबिलिटी आदि मॉडल की प्रस्तुति की। आगत अतिथियों ने छात्रों का हौसला बढ़ाया। विद्यालय के सचिव ललित कानकरिया ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभाओं को उभर कर बाहर आने व उनकी सोच का पता चलता है। यह प्रदर्शनी जिन शिक्षकों के मार्गदर्शन में हुआ उन्हें मुख्य रूप से संजय सिंह, जगत नारायण सिंह, गोपाल कृष्ण, स्वप्न दत्ता, संजय मिश्रा, रामपुकार शर्मा, तापस चटर्जी, चंदा सिंह, पायल भद्रा, कल्पना अग्रवाल, मौमिता दास, ए श्रीवास्तव, राजीव दत्ता, अर्पिता मजूमदार, कन्हैया तिवारी, सुदेशना भट्टाचार्य, सुजय बारी अनन्या, प्रांजल मित्र, सौमित्र भौमिक, रिनी सरकार, सपना चक्रवर्ती, दीपशिखा तिवारी, आराधना सिंह, सोमनाथ मुंशी, प्रियंका गुप्ता, हर्षना साव सोमेन चक्रवर्ती समंती हाजरा आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही। विद्यालय की प्रिंसिपल इंदु जोसफ चौधरी ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों को विज्ञान प्रदर्शनी के सफल आयोजन हेतु सराहना की एवं धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम के दौरान मंच का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि संतोष कुमार तिवारी ने किया।

## सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने धनतेरस कलेक्शन-शगुन कलेक्शन का किया अनावरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने इस धनतेरस पर विभिन्न प्रकार के शानदार कलेक्शन और डिजाइन पेश किया है। इस खास अवसर और बेहतरीन बनाने के लिए शगुन कलेक्शन लॉन्च किया है। जिसमें ब्राइडल कलेक्शन 1 लाख से शुरू होते हैं। शगुन कलेक्शन समकालीन हल्के वजन से लेकर शाही पारंपरिक डिजाइनों तक, सभी अवसरों के लिए उत्कृष्ट वस्तुओं की एक श्रृंखला है।

इस मौके पर ललित कुमार क्याल (सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स-दुर्गापुर और आसनसोल शोरूम के फ्रैंचाइज पार्टनर) ने कहा, हमने 18 अक्टूबर से 3 नवंबर, 2024 तक लाभ उठाने के लिए प्रत्येक ग्राहक के लिए 450 रुपये प्रति ग्राम तक के विशेष धनतेरस ऑफर पेश किए हैं। सोने के गहनों के




मेकिंग चार्ज पर छूट, हीरे के मूल्य में 10% तक की छूट और हीरे के गहनों के मेकिंग चार्ज में 100% तक की छूट, साथ ही पुराने सोने के एक्सचेंज पर 0% की कटौती समेत अन्य ऑफर हैं। सुंदर भालोटिया (सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स -दुर्गापुर और आसनसोल शोरूम के फ्रैंचाइज पार्टनर) ने कहा, इस साल हम 40 हजार रुपये के न्यूनतम लेनदेन मूल्य के लिए एसबीआई कार्ड का उपयोग करके सभी खरीद पर प्रति कार्ड 7500 रुपये तक की तत्काल छूट का विशेष ऑफर दे रहे हैं। जो 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर चलेगा। ग्राहक अलग-अलग इनवॉइस प्राइस बैंड के लिए अलग-अलग उपहारों के अलावा लकी ड्रॉ के माध्यम से 3 ईवी कारें और 15 ऐप्पल आईफोन 16 स्मार्टफोन तक जीत सकते हैं।

## मालदह में लॉरी ने युवक को रौंदा, तोड़फोड़

**मालदह :** जिले के हरिश्चंद्रपुर थाना अंतर्गत महेंद्रपुर बस स्टैंड इलाके में रविवार को लॉरी की टक्कर से एक बाइक चलाक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का नाम मो. जीवन है। हादसे के बाद इलाके में काफी सनसनी फैल गयी। इस घटना से गुस्साई भीड़ ने लॉरी में तोड़फोड़ शुरू कर दी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, महेंद्रपुर बस स्टैंड के पास तुलसीहाटा से भालुका जाने वाले स्टेट हाइवे पर एक बाइक चालक को एक लॉरी ने टक्कर मार दी। युवक का पैर लॉरी के पहिये के नीचे कुचल गया। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने लॉरी में जमकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलते ही हरिश्चंद्रपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इधर, घायल युवक फिलहाल चांचल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

# महिला तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, सरगना सहित तीन गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** ग्रामीण पुलिस ने महिला तस्करी गिरह का भंडाफोड़ किया है। तस्कर गिरोह केसरगना समेत तीन लोगों को गिरफ्तार करने में ग्रामीण पुलिस ने सफलता हासिल की है। हुगली ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कामनाशीष सेन ने एक प्रेस वार्ता के जरिए मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फेसबुक के जरिए पहले दोस्ती कर नाबालिग, युवतियों को अपने प्रेम जाल में फांसा जाता था, फिर उसे शादी का झांसा या नौकरी का प्रलोभन देकर अन्य राज्य में ले जाकर तस्करों के हाथों में बेच दिया जाता था। हुगली के तारकेश्वर थाने की पुलिस ने तस्करी गिरोह के एक मुख्य सरगना समेत दो एजेंटों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम है मिज़ानूर मंडल, श्रीराम राय और नंद किशोर कुमार है। इनमे से मिज़ानूर मंडल उत्तर 24 परगना के अशोकनगर का रहने वाला है। जबकि, श्रीराम राय कोलकाता के तारातला इलाके का रहने वाला है। नंद किशोर कुमार बिहार के चंपारण जिले का रहने वाला है। हुगली ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कामनशीष सेन ने कहा कि 9 जुलाई को



तारकेश्वर से एक नाबिलाका लापता हो गई थी। नाबालिग के परिवार ने 13 जुलाई को तारकेश्वर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी थी। इसके बाद, 19 जुलाई को नाबालिग लड़की को बिहार से तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया। नाबलिका से पूछताछ के बाद पुलिस को पता चला की फेसबुक पर राहुल नाम के एक युवक से उसकी दोस्ती हुई थी। नाबालिग उसके प्रेम जाल में फंस गई। उसे बाद में पता चला की राहुल का असल नाम मिज़ानूर मंडल वह शादी का झांसा देकर पीड़िता को तारकेश्वर से बिहार ले गया। पुलिस ने मौके पर जाकर नाबालिग को बचाया। इस घटना की जांच के दौरान और भी सनसनीखेज जानकारी सामने आई। जांच में जुटी पुलिस को महिला तस्करी गिरोह का सुराग मिला। आखिरकार, पुलिस को महिला तस्करी गिरोह में एक के बाद एक कड़ी खुलते गई। नाबालिगों की न केवल प्रेम जाल में फंसा जाता था बल्कि काम का प्रलोभन देकर उन्हें राज्य के बाहर लेजाकर तस्करी की जाती थी। जांच करने पर पुलिस को पता चला कि मिजानुर मंडल उर्फराहुल और श्रीराम रॉय मुख्य रूप से सोशल मीडिया के जरिए भोली भाली युवतियों, नाबालिग को अपने प्रेम जाल में फांसते थे। फिर, नौकरी का झांसा देकर उन्हें राज्य से बाहर ले जाकर तस्कर नंद किशोर कुमार को सौंप देते थे। मिजानूर मंडल और श्रीराम रॉय को पुलिस ने पिछले 25 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। पुलिस गिरफ्त में आये तीनो आरोपियों को रिमांड की अर्जी के साथ चंदननगर उप-विभागीय अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 7 दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजने का निर्देश जारी किया।



काली पूजा से पहले मां काली की मूर्ति को अंतिम रूप देते कुम्हार

## बांग्लादेश से घुसपैठ रोकने में पश्चिम बंगाल करे सहयोग : हिमंत विश्व शर्मा

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर सीमावर्ती राज्यों को घुसपैठ की कोशिशों को विफल करने के लिए आपस में और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ समन्वय करना चाहिए।

उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि असम और त्रिपुरा सरकारें पहले से ही बीएसएफ के साथ मिलकर काम कर रही हैं, लेकिन यह तभी एक 'सुनियोजित प्रयास' होगा जब पश्चिम बंगाल भी घुसपैठियों की पहचान करना शुरू कर दे, क्योंकि इन दो पूर्वोत्तर राज्यों से वापस भेजे गए लोग वहां से फिर से प्रवेश कर सकते हैं।

शर्मा ने कहा, 'पिछले दो महीनों में, लगभग हर दिन हम अपने



राज्य में विदेशियों को पकड़ रहे हैं। मेरा मानना है कि सीमा के खुले होने के कारण, बीएसएफ के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, कुछ लोग अवैध रूप से भारत में आ रहे हैं।'

शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकारों को अवैध प्रवासियों की सक्रियता से पहचान करनी होगी और असम तथा त्रिपुरा पहले से ही ऐसा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रयासों के बावजूद कुछ घुसपैठिये भारत के अन्य राज्यों में प्रवेश करने में सफल हो गए हैं, जैसा कि कुछ अवैध प्रवासियों की गिरफ्तारी से स्पष्ट है। वे अपने देश से और अधिक लोगों को लाने के लिए बांग्लादेश वापस गए थे।

उन्होंने ने कहा कि पिछले दो महीनों में राज्य पुलिस ने स्वतंत्र रूप से और बीएसएफ के साथ संयुक्त रूप से चलाए गए अभियानों में 138 घुसपैठियों की पहचान की और उन्हें असम से वापस भेजा गया।

उन्होंने दावा किया कि भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने का प्रयास करने वाले लोग हिंदू नहीं बल्कि रोहिंग्या हैं।

शर्मा ने कहा, 'हिंदू-बंगालियों के आने की कोशिश के बारे में धारणा गलत है। रोहिंग्या घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे हैं। राज्य सरकारों को सतर्क रहना चाहिए और बीएसएफ के साथ मिलकर काम करना चाहिए।'

उन्होंने कहा, 'असम और त्रिपुरा पहले से ही ऐसा कर रहे हैं। अगर पश्चिम बंगाल सरकार भी लोगों की पहचान करना शुरू कर दे तो यह एक सुनियोजित प्रयास होगा।'

शर्मा ने कहा कि सभी सीमावर्ती राज्यों को बीएसएफ को आक्रामक तरीके से सहयोग करना चाहिए, अन्यथा स्थिति बिगड़ सकती है।

उन्होंने कहा, 'हमें घुसपैठियों के धर्म से फर्क नहीं पड़ता, हमारा ध्यान इस बात पर है कि अगर कोई अवैध रूप से आता है, तो उसे वापस भेजा जाना चाहिए।'

## बोरे में बंद मिला एक युवती का शव, इलाके में फैला तनाव

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर के रामनगर थानांतर्गत इलाके में खून से लथपथ एक युवती का शव बरामद किया गया। युवती की उम्र 26 वर्ष बतायी जा रही है, लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं पो पायी। अज्ञात युवती का शव मिलने के बाद से इलाके में तनाव का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार, रामनगर थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव में श्मशान घाट के पास एक अज्ञात बोरा पड़ा हुआ पाया गया। ग्रामीणों को जब संदेह हुआ तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने लगी। पुलिस ने बाद में शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा प्राथमिक अनुमान लगाया जा रहा है कि अपराधियों ने कहीं और हत्या कर शव को यहां फैंक दिया होगा। पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जांच कर दोषियों का पता लगाया जायेगा। इस मामले की जांच शुरू हो गई है।

## लिलुआ में पुलिस ने छापेमारी करते हुए 105 किलो प्रतिबंधित पटाखे किए जब्त, एक गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा लिलुआ थानांतर्गत इलाके से पुलिस ने छापेमारी करते हुए लगभग 105 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए हैं। इस मामले में पुलिस ने आरोपी व्यक्ति सोमन कोयल उर्फ छट्टू (30) को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, लिलुआ पुलिस ने एक गुप्त जानकारी के आधार पर लिलुआ के कोन खालिया इलाके के एक घर पर छापेमारी की। पुलिस ने उस घर से 105 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए। इसके साथ ही, पटाखे बनाने की सामग्रियों को भी जब्त किया गया है।

बताया जा रहा है कि यहां बिना वैध दस्तावेजों के लंबे समय से



पटाखे बनाए जा रहे थे। लिलुआ थाना की पुलिस सर्तकता से निगरानी रख रही है ताकि कालीपूजा और दिपावली से पहले कोई अप्रिय घटना न हो। हावड़ा सिटी पुलिस के अधिकारी से मिली जानकारी के मुताबिक प्रशासन की ओर से प्रतिबंधित पटाखे बेचने और बनाने से मना करने के लिए बार-बार निर्देश दिए जा रहे हैं।

## खरकिया परिवार के दीपावली प्रीति सम्मेलन में कुलदेवी दादी जाबदे के जयकारों, भजनों की अमृत वर्षा



**कोलकाता :** खरकिया परिवार का दीपावली प्रीति सम्मेलन कुलदेवी दादी जाबदे के जयकारों एवं भजनों की अमृत वर्षा के साथ सम्पन्न हुआ। प्रीति सम्मेलन में संस्था के अध्यक्ष रमेश खरकिया, सचिव सांवरलाल खरकिया, मांगेराम भुरेका, सुशील, विष्णु खरकिया, मनोज गुप्ता ने डॉ. ए के सिंह एवम् सपरिवार उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। भजन गायक गायिका प्रेम सोनी, सरोज शर्मा एवम् कलाकारों ने सुमधुर भजन सुना कर एवम् मनमोहक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति से भाव-विभोर किया। सांवरलाल खरकिया ने बताया दादी भक्तों ने दादी जाबदे के मन्दिर निर्माण में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। समारोह की सफलता के लिये नरेश, राजेन्द्र, राहुल, राजेश, सुनील खरकिया, दीपक गुप्ता, संदीप गुप्ता एवम् खरकिया बन्धु सक्रिय रहे।



दिवाली से पहले आखरी रविवार को दीयों और लाइटों की खरिदारी करते महानगरवासी

## योगपीठ हावड़ा में दीक्षांत समारोह आयोजित



**हावड़ा, समाज्ञा :** योगपीठ हावड़ा में रविवार को महिला पतंजलि राज्यप्रवरी महामाया रॉय के प्रयासों से एक समारोह में दीक्षांत समारोह मनाया गया। इस मौके पर पतंजलि राज्य संरक्षक विजय जायसवाल बीएसटी राज्य प्रवारी, पतंजलि राज्य प्रवारी, युवा राज्य प्रवारी, राज्य कार्यकर्ता, जिला एवं तहसील के बहन भाई एवं योग साधक एवं साधिकाएं उपस्थित थे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा कक्षा व्याख्यान के माध्यम से योगासन, सूर्य नमस्कार, गायन, सस्वर पाठ, नृत्य किया गया। बाद में, शांति पाठ और दोपहर को प्रसाद का आयोजन किया गया।

## नहर में बहते हुए आयी चावल से भरी बोरियां, पटाशपुर में मचा हंगामा

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर के पटाशपुर के श्रीरामपुर में रविवार की सुबह हंगामा मच गया। जब लोगों ने कई सारी चावल से भरी बोरियों को नहर में बहते देखा। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, रविवार की सुबह श्रीरामपुर हाई स्कूल के पास एक नहर में स्थानीय लोगों ने ऐसा अद्भुत नजारा देखा। बोरियों पर पर 'दीप्ति राइस मिल' लिखा हुआ पाया गया। स्थानीय लोगों का दावा है कि शनिवार शाम तक उन्होंने नहर के पानी में चावल की ऐसी बोरियां नहीं देखीं। यह रात में हुआ है। खबर के फैलते ही चावल की बोरियां लेने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंचे सिविक वॉलंटियर्स ने लोगों को हटाया और स्थिति संभाली। अनुमान लगाया



जा रहा है कि करीबन ढाई सौ बोरी चावल की नहर में बहते हुए आयी थी। लेकिन ये बोरियां कहां और कैसे आयी, इस बात का पता नहीं चल पाया है। खबर मिलते ही पटाशपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। श्रीरामपुर ग्राम पंचायत प्रमुख पूरवी मैती ने कहा, ''मैंने भी स्थानीय लोगों के मुंह से चावल की बोरियां मिलने के बारे में सुना है। यह सरकारी चावल की बोरी है। मामले की सूचना पुलिस प्रशासन को दे दी गई है। वे कार्रवाई कर रहे हैं।

## भारतीय रेल और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कमजोर बच्चों की सुरक्षा के लिए संशोधित एसओपी लॉन्च की



**कोलकाता :** महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। महिलाओं और बच्चों के लिए रेल यात्रा को सुरक्षित बनाने में भारतीय रेल के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने रेलवे को आश्वासन दिया है कि महिलाओं और बच्चों के लिए रेल यात्रा को सुरक्षित बनाने के उसके प्रयासों में फंडिंग बाधा नहीं बनेगी। देशभर में रेल परिसरों में पाए जाने वाले कमजोर बच्चों की सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक पहल में, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से 25 अक्टूबर, 2024 को नई दिल्ली के रेल भवन में एसओपी शुरू की है। यह व्यापक एसओपी भारतीय रेल के संपर्क में आने वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए मजबूत ढांचे की रूपरेखा तैयार करती है।

**❑ किशोरों की सुरक्षा बढ़ाने में तकनीक का प्रयोग**

मानक संचालन प्रक्रिया (एसअ-ोपी) जारी करने के दौरान, एमओडब्ल्यूसीडी के सचिव अनिल मलिक ने उन्नत रेल स्टेशनों पर सीसीटीवी और चेहरा पहचान तकनीक स्थापित करने जैसे उपायों के माध्यम से किशोरों की सुरक्षा बढ़ाने की पहल के लिए भारतीय रेल की सराहना की। प्रतिदिन 2.3 करोड़ से अधिक लोग रेल से यात्रा करते हैं, जिनमें 30 प्रतिशत महिलाएं भी शामिल हैं-जिनमें से कई अकेले यात्रा करती हैं - ऐसे में कमजोर समूहों, विशेष रूप से किशोरों की सुरक्षा की तत्काल आवश्यकता है, जो मानव तस्करों द्वारा शोषण का जोखिम उठाते हैं। कार्यक्रम में, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने मानव तस्करी विरोधी इकाइयों (एएचटीयू) को मजबूत करने के महत्व पर एमओडब्ल्यूसीडी अधिकारियों को जानकारी दी और असम, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से तस्करी को रोकने और यात्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए रेलवे स्टेशनों पर इन इकाइयों को स्थापित करने का आग्रह किया।

**❑ आरपीएफ की सतर्कता से कई बच्चे बचाए गए**

आरपीएफ यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत सक्रिय भूमिका निभा रही है कि उसके परिसर का उपयोग मानव तस्करों द्वारा बच्चों को लाने-ले जाने को बढ़ावा देने के लिए नहीं किया जाए। आरपीएफ ने पिछले पांच वर्षों में 57,564 बच्चों को तस्करी से बचाया है। इनमें 18,172 लड़कियां थीं। इसके अलावा बल ने यह सुनिश्चित किया कि इनमें से 80 प्रतिशत बच्चे अपने परिवारों से मिल जाएं। 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत, आरपीएफ ने पूरे रेल नेटवर्क में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रित पहलों की श्रृंखला शुरू की है। बाल तस्करी की निरंतर चुनौती को पहचानते हुए, आरपीएफ के ऑपरेशन एएएचटी ने 2022 से2,300 से अधिक बच्चों को बचाने और 674 तस्करों को पकड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह उपलब्धि तस्करी और शोषण से निपटने के लिए आरपीएफ के अथक समर्पण को रेखांकित करती है।

**❑ मानव तस्करी विरोधी इकाई पर काम**

देशभर में कमजोर बच्चों की सुरक्षा के लिए देशभर के लगभग 262 स्टेशनों पर मानव तस्करी विरोधी इकाई-एएचटीयू स्थापित की जानी थी। लेकिन कुछ भारतीय राज्यों के सहयोग के अभाव के कारण वहां एएचटीयू स्थापित नहीं की जा सकी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालयसचिवइस दिशा में त्वरित कदम के रूप में इन राज्यों को एक पत्र लिखने पर सहमत हुए। एमओडब्ल्यूसीडीसंबंधित राज्यों के रेल स्टेशनों में इस इकाई को स्थापित करने के लिए इन राज्य सरकारों और जिला मजिस्ट्रेटों को पत्र लिखेगा ताकि रेलवे सुरक्षा बल के प्रयासों को और अधिक सफल बनाया जा सके।

## श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम में हुआ 'सत्य सर्वदा' के दीपोत्सव-2024 का विमोचन

**हावड़ा :** महानगर से विगत् 21 वर्षों से प्रकाशित हो रही पारीवारिक हिन्दी पाक्षिक पत्रिका 'सत्य सर्वदा' का दीपावली विशेषांक 'दीपोत्सव-2024' प्रकाशित हो गया है। आज इस विशेषांक का विमोचन श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम में पत्रिका परिवार के अनेक संरक्षकों, सदस्यों, पाठकों, शुभचिंतकों व नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर न्यू टाउन के पदाधिकारियों की गरिमामयी मौजूदगी में सत्य सर्वदा के अन्यतम संरक्षकों श्री नवल सुल्तानिया (सुल्तानिया मार्बल) और श्री वरुण अग्रवाल (श्री बालाजी ट्युब) ने किया और पत्रिका परिवार को लगातार 21 वर्षों से पूर्णतः पारिवारिक पत्रिका के अनवरत और नियमित प्रकाशन के लिए बधाई दी। पत्रिका के सम्पादक श्री सुरेश कुमार भुवालका ने दीपोत्सव विशेषांक की पहली प्रति घुसुड़ीधाम के बाबा श्याम को समर्पित करते हुए



बताया कि वर्तमान में बेहद सीमित संसाधनों के बावजूद भी 1 फरवरी 2004 से शुरु हुई 'सत्य सर्वदा' हिन्दी पाक्षिक की नियमित प्रकाशन यात्रा इसके संरक्षकों व सहयोगियों के स्नेहासिक्त सम्बल का प्रतिफल है। सत्य सर्वदा के प्रबंध सम्पादक श्री मोतीलाल भुवालका ने आशा जताई कि विशेष सामग्रियों के संकलन के साथ प्रकाशित यह विशेषांक आवरण सहित 80 पृष्ठों का पूर्णतः रंगीन विशेषांक निश्चित ही लोगों के मन को भायेगा। पत्रिका की सह-सम्पादक सुश्री सुनिता जोशी ने 'दीपोत्सव 2024' पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसमें दीपावली के शुभ अवसर पर माँ लक्ष्मी की पूजा आराधना पर विशेष आलेख, शुभ दीपावली लग्न सहित दीपावली से सम्बद्ध विविध सामग्री प्रकाशित की गई है।

## कोलकाता मेट्रो में मोबाइल आधारित क्यूआर टिकटिंग प्रणाली हो रही है लोकप्रिय

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो में मोबाइल आधारित इंटीग्रेटेड क्यूआर कोड टिकटिंग प्रणाली समय के साथ लोकप्रियता हासिल कर रही है। 26 अक्टूबर तक लगभग 3.21 लाख यात्रियों ने अपने विभिन्न गंतव्यों तक जाने के लिए मेट्रो के विभिन्न कॉरिडोर पर टिकटिंग प्रणाली के इस वैकल्पिक मोड का उपयोग किया है। अप्रैल 2024 में, 6616 यात्रियों ने इस प्रणाली का उपयोग किया, जबकि सितंबर 2024 में 59,362 यात्रियों ने इसका उपयोग किया, जो कि 897% की वृद्धि है और 26 अक्टूबर 2024 तक 220201 यात्रियों ने इस मोबाइल क्यूआर आधारित प्रणाली का उपयोग किया, जो कि अप्रैल 2024 तक की तुलना



में 3328% की वृद्धि है। उपलब्ध आंकड़ों से पता चल रहा है कि यह टिकटिंग प्रणाली धीरे-धीरे मेट्रो यात्रियों के बीच लोकप्रिय हो रही है। ब्लू लाइन और ऑरेंज लाइन के विभिन्न स्टेशनों के एएफसी गेटों को इस नई टिकटिंग प्रणाली का समर्थन करने के लिए अपग्रेड किया गया है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मऊ में बाल सुधार गृह से फरार हुए आठ कैदी, मचा हड़कंप

**मऊ :** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में एक राजकीय बाल सुरक्षा गृह से आठ कैदी फरार हो जाने से हड़कंप मच गया। उनमें से छह कैदियों को पकड़ लिया गया है, बाकी दो कैदियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) सीओ सिटी अंजनी कुमार पांडे ने बताया कि शनिवार को शहर कोतवाली क्षेत्र में स्थित राजकीय संप्रेक्षण गृह से रसोई के रास्ते आठ किशोर कैदी भाग गए थे। उनमें से छह कैदियों को अभी तक पकड़ लिया गया है जबकि दो अन्य कैदियों की तलाश की जा रही है। मामले में भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्यवाही चल रही है। इस मामले की जांच करने पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट विजेंद्र कुमार सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि बाल कैदी कैसे फरार हुए थे और इसमें किसकी संलिप्तता है, इसकी जांच चल रही है।

### ट्रेन में कोच सहायक ने महिला से छेड़छाड़ की, प्राथमिकी दर्ज

**बलिया (उप्र) :** वाराणसी से मुजफ्फरपुर जाने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस में एक महिला यात्री के साथ कथित रूप से कोच सहायक द्वारा छेड़खानी की गयी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) बलिया के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विवेकानंद के अनुसार, यह घटना 22 अक्टूबर की रात को बलिया रेलवे स्टेशन से ट्रेन के रवाना होने के बाद हुई। एसएचओ ने बताया, बिहार के मोतिहारी जिले की एक युवती जब अपनी सीट पर सो रही थी तब कोच सहायक राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कथित तौर पर छेड़छाड़ की और उसे परेशान किया। एसएचओ ने बताया कि पीड़िता ने तुरंत ट्रेन में ही रेलवे पुलिस को घटना की सूचना दी।

### ललितपुर में फंदे से लटके मिले प्रेमी युगल के शव

**बांदा :** उत्तर प्रदेश में ललितपुर जिले के जखौरा क्षेत्र में रविवार को जंगल में एक युवक और एक युवती के शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटके हुए मिले। पुलिस ने यह जानकारी दी। ललितपुर जिले में सदर क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) अभय नारायण राय ने बताया कि ग्रामीणों ने जखौरा थाना क्षेत्र के करारी गांव स्थित जंगल में एक पेड़ पर फांसी के फंदे से एक युवक और एक युवती के शव लटके हुए देखकर पुलिस को सूचना दी। इस पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिये।

### किसानों को फ्री बिजली देने की बात कहकर मीटर लगा रही सरकार: राकेश टिकैत

**प्रयागराज :** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने रविवार को यहां एक महापंचायत में कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक वर्ष तक किसानों को फ्री बिजली देने की बात कही थी लेकिन अधिकारियों ने किसानों के खेतों पर मीटर लगाना शुरू कर दिया है। उन्होंने पूछा कि अगर मीटर लग जाएंगे तो फ्री बिजली कैसे आएगी? टिकैत ने यहां मुंडेरा में आयोजित किसान महापंचायत के बाद संवाददाताओं से कहा, अगर मीटर लगाना है तो 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले इस मुद्दे को अपने घोषणा पत्र में शामिल करना होगा नहीं तो किसान के खेत में मीटर नहीं लगेगा। उन्होंने धान की कीमतों को लेकर आरोप लगाया कि पूर्वांचल में जौनपुर, मिर्जापुर और बलिया में 1200 रुपये प्रति क्विंटल के भाव में धान किसानों से लिया जा रहा है।

# संस्कृत विज्ञान की भाषा, राज्य में फिर से शुरू होंगे गुरुकुल पद्धति के विद्यालय : योगी

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि संस्कृत न केवल देववाणी है बल्कि यह विज्ञान की भाषा भी है, जो कंप्यूटर विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) जैसी आधुनिक तकनीकों में उपयोगी है। योगी ने यहां संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से प्रदेश के संस्कृत भाषा के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रदेश के 69,195 संस्कृत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर में गुरुकुल पद्धति के आवासीय संस्कृत विद्यालयों को पुनर्स्थापित करने का भी संकल्प लिया। मुख्यमंत्री ने संस्कृत भाषा को विज्ञान और तकनीकी शिक्षा की भाषा के रूप में प्रोत्साहित करने की संभावना पर जोर दिया और छात्रों से इसे गंभीरता से अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो मानवता का पक्षधर है वह संस्कृत का भी हिमायती है। योगी ने पिछली सरकारों के शासनकाल के दौरान संस्कृत शिक्षा को उपेक्षित रखे जाने का आरोप लगाया। योगी आदित्यनाथ ने कहा, संस्कृत न केवल देववाणी है बल्कि यह विज्ञान की भाषा भी है, जो कंप्यूटर विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमता जैसी आधुनिक तकनीकों में उपयोगी है। उन्होंने कहा, संस्कृत की विशेषताएं इसे तकनीकी दृष्टिकोण से सरल और सहज बनाती हैं। इसीलिए हम संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन के लिए नए प्रयासों की दिशा में कार्य कर रहे हैं। योगी ने कार्यक्रम में छात्रवृत्ति योजना का महत्व बताते हुए कहा, पहले संस्कृत के केवल 300 विद्यार्थियों को ही छात्रवृत्ति मिलती थी, उसमें भी आयु सीमा तय करके रखा गया था, लेकिन अब हमारी सरकार ने इसे सभी छात्रों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है।




### वाराणसी में मुख्यमंत्री योगी ने 51 फुट ऊंची भगवान हनुमान की प्रतिमा का किया अनावरण

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान रविवार को यहां हवाई अड्डा मार्ग स्थित हरहुआ के काजीसराय क्षेत्र में 51 फुट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा का अनावरण किया। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार प्रतिमा अनावरण के बाद मुख्यमंत्री ने परिक्रमा करते हुए विधि-विधान से बजरंगबली की पूजा-अर्चना की। जय हनुमान श्री पीठ ट्रस्ट द्वारा स्थापित इस भव्य प्रतिमा को राजस्थान के कारीगरों ने दो साल में तैयार किया है। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने काशीवासियों के लिए आस्था के इस प्रतीक को समर्पित किया।

## झारखंड में जीतना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन भाजपा को अच्छे नतीजों की उम्मीद: हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए जीत हासिल करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन भाजपा को सत्ता में आने की 'उम्मीद' है। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के सह-प्रभारी शर्मा ने यह भी कहा कि वह वहां चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं और असम में 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैं यहां उपचुनावों पर नजर नहीं रख पा रहा हूं। मैं झारखंड में बहुत व्यस्त रहा हूं।' शर्मा ने झारखंड में भाजपा की जीत की संभावनाओं पर कहा कि यह चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन 'हमें वहां अच्छे नतीजों की उम्मीद है।' झारखंड विधानसभा चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरण में होंगे और मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। उन्होंने कहा कि असम के मंत्री, विधायक और भाजपा का राज्य नेतृत्व पूर्वोत्तर राज्य में पांच विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के लिए प्रचार कर रहे हैं। शर्मा ने कहा, 'मैं इस बारे में निश्चित तौर पर नहीं कह सकता कि मैं इस बार यहां प्रचार करूंगा या नहीं। अगर मैं समय निकाल पाया तो शायद एक या दो जगहों पर प्रचार करूंगा।'

## लखनऊ के 10 होटलों को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कम से कम 10 बड़े होटलों को ई-मेल के जरिए रविवार को बम विस्फोट कर उड़ाने की धमकी दी गयी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक अज्ञात लोगों ने ई-मेल में धमकी दी कि अगर 55,000 अमेरिकी डॉलर की फिरौती की मांग पूरी नहीं की गई तो इन होटलों को विस्फोट कर उड़ा दिया जाएगा। बम विस्फोट की धमकी वाले ई-मेल में लिखा है, 'आपके होटल के परिसर में काले बैग में बम छिपाए गए हैं। मुझे 55,000 अमेरिकी डॉलर चाहिए, नहीं तो मैं विस्फोट कर दूंगा। खून चारों तरफ फैल जाएगा। बमों को निष्क्रिय करने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी।' 'पीटीआई-भाषा' के पास ई-मेल की एक प्रति है। एक होटल के प्रबंधक ब्रजेश कुमार ने 'पीटीआई वीडियोज' को बताया, 'हमें सुबह धमकी भरा ई-मेल मिला। एहतियात के तौर पर हमने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस थाने को दी और एक टीम मामले की जांच करने आई है।' उन्होंने कहा, 'हमारे पास पहले से ही सभी मेहमानों और उनके सामान को स्कैन करने की व्यवस्था है। फिर भी एहतियात के तौर पर हम होटल की जांच करने में पुलिस की मदद कर रहे हैं।' इस मामले को लेकर कई बार प्रयास के बावजूद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका।

## राजस्थान : सात विधानसभा सीटों पर 3,193 मतदाता घर से करेंगे मतदान



**जयपुर :** राजस्थान में विधानसभा की सात सीटों के लिए होने वाले उप-चुनाव में कुल 3,193 मतदाता घर से मतदान (होम वोटिंग) कर सकेंगे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक राज्य में विधानसभा उपचुनाव के दौरान सात विधानसभा क्षेत्रों के 2,365 बुजुर्ग और 828 दिव्यांग सहित कुल 3,193 मतदाता घर से डाक मतपत्र के जरिए मतदान करेंगे। इसके लिए मतदान दल पूर्व निर्धारित तारीख और समय के अनुसार इन सूचीबद्ध मतदाताओं के घर पहुंचकर होम वोटिंग करवाएंगे। होम वोटिंग के समय संबंधित राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को उनकी सहमति से होम वोटिंग की सुविधा दी जाती है। इस क्रम में सात विधानसभा क्षेत्रों में उप-चुनाव के लिए होम वोटिंग के लिए कुल 3,193 पात्र मतदाताओं से आ-वेदन प्राप्त हुए हैं। अब इन क्षेत्रों में निर्वाचन के लिए प्रत्याशियों की अंतिम सूची तैयार हो जाने के बाद मतपत्र प्रकाशित करवाकर होम वोटिंग करवाई जाएगी। महाजन ने बताया कि होम वोटिंग चार नवंबर से 10 नवंबर के बीच दो चरणों में होगी।

## बिहार: मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी, बेटे राजद में शामिल

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब रविवार को अपने बेटे ओसामा शहाब के साथ पार्टी में शामिल हो गईं। हिना ने हाल ही में बिहार के सीवान से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ा था। पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद व उनके बेटे तेजस्वी यादव ने उनका स्वागत किया और शहाबुद्दीन को राजद का संस्थापक सदस्य बताया। यादव ने दावा किया कि दिवंगत नेता के परिवार के सदस्यों को शामिल करने से भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रतिनिधित्व की जाने वाली सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ हमारी लड़ाई में मदद मिलेगी। हिना और उनके बेटे दोनों बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आधिकारिक आवास 10 सर्कुलर रोड पर राजद में शामिल हुए। इस अवसर पर लालू प्रसाद यादव और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। प्रसाद ने कहा, शहाबुद्दीन का परिवार हमेशा से राजद का हिस्सा था। वे अब और करीब आ गए हैं और पार्टी को और मजबूत करेंगे। यकीनन, बिहार का सबसे खूंखार गैंगस्टर से राजनेता बना शहाबुद्दीन, 2007 में एक हत्या के मामले में दोषी ठहराए जाने तक, अपने गढ़ सीवान में अपराजित रहा था। हत्या के मामले में दोषी ठहराये जाने के कारण उसे अयोग्य घोषित कर दिया गया। शहाबुद्दीन की 2021 में दिल्ली की तिहाड़ जेल में मौत हो गई, जहां वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। हिना ने कई बार राजद के टिकट पर सीवान सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने आखिरी बार 2019 में राजद के टिकट पर चुनाव लड़ा था और उसके बाद पार्टी के साथ उनके रिश्ते खराब हो गए थे। यह व्यापक रूप से माना जाता था कि यादव उन्हें नजरअंदाज कर रहे थे, क्योंकि वह पार्टी की छवि में सुधार करना चाहते थे, जिन पर बाहुबलियों को संरक्षण देने के आरोप लगे थे।



## अयोध्या में विशेष दीपकों से जगमगाएगा रामलला का मंदिर

**अयोध्या :** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में आठवें दीपोत्सव के तहत सरयू नदी के तट पर 28 लाख दीपक प्रज्ज्वलित कर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारियों के बीच रामलला के मंदिर में इस बार एक विशेष तरह के दीपक जलाने की योजना है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के मुताबिक ये खास तरह के दीपक मंदिर भवन को दाग-धब्बों और कालिख से सुरक्षित रखेंगे और इनसे लंबे समय तक रोशनी भी मिलेगी। उन्होंने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाने की भी विशेष योजना है। मंदिर परिसर को कई खंडों और उपखंडों में विभाजित कर सजावट का दायित्व सौंपा गया है। बिहार कैडर के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी आशु शुक्ला को मंदिर के हर कोने को व्यवस्थित रूप से रोशन करने, सभी प्रवेश द्वारों को तोरण से सजाने, साफ-सफाई और सजावट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे श्रद्धालु मनोहरी फूलों और दीपों से सजे मंदिर का दिव्य दर्शन कर सकेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि इस बार दीपोत्सव में पर्यावरण संरक्षण का भी खास ख्याल रखा गया है। मंदिर भवन के ढांचे को धुंए की कालिख से बचाने के लिए परिसर में विशेष मोम के दीपक जलाए जाएंगे, जिनसे कॉर्बन का कम से कम उत्सर्जन होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का प्रयास है कि इस दीप-ावली में अयोध्या न केवल धर्म और आस्था का केंद्र बने बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दे। उन्होंने बताया कि इस बार दीप-ोत्सव की भव्यता को श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बनाने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर को 29 अक्टूबर से एक नवंबर की रात 12 बजे तक बाहर से भवन दर्शन के लिए खुला रखने का निर्णय लिया है।

## महाकुंभ के लिए रेलवे तैयार कर रहा 25 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने हेतु आश्रय स्थल

**प्रयागराज/लखनऊ :** महाकुंभ 2025 को लेकर प्रयागराज में युद्ध स्तर पर तैयारियों के बीच रेलवे ने भी यात्री सुविधाओं को बेहतर करने के लिये कमर कस ली है।

इसके तहत प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर लगभग 25 हजार यात्रियों के ठहरने के लिये आश्रय स्थलों का निर्माण किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक मेला प्राधिकरण के अनुमान के मुताबिक इस बार महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। वहीं, लगभग 10 करोड़ लोगों के ट्रेन के जरिये प्रयागराज पहुंचने की संभावना है। रेलवे प्रयागराज मण्डल के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि प्रयागराज के स्टेशनों पर भीड़ के प्रबंधन को लेकर कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है।

प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर लगभग 25 हजार यात्रियों के ठहरने के लिए 10 आश्रय स्थलों का निर्माण अंतिम दौर में है। उन्होंने बताया कि इनमें से आश्रय स्थल प्रयागराज जंक्शन पर, तीन नैनी जंक्शन, दो छिवकी स्टेशन और एक सूबेदारगंज स्टेशन पर बनाए जा रहे हैं। ये आश्रय स्थल 2019 के कुंभ में अस्थाई टिकट घर व शौचालय की सुविधाओं के साथ बनाये गये थे। महाकुंभ 2025 में इनका पुनर्निर्माण कर संचालित करने का कार्य चल रहा है। छिवकी स्टेशन पर एक नया आश्रय स्थल भी बनाया जा रहा है।

## पुलिस हिरासत युवक मौत मामला : निरीक्षक समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चिनहट थाने में हिरासत में एक व्यक्ति की मौत के मामले में रविवार को संबंधित पुलिस निरीक्षक समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। विपक्ष ने इस मुद्दे को लेकर राज्य सरकार को घेरने की कोशिश की है। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि 'पुलिस हिरासत' का नाम बदलकर 'अत्याचार गृह' कर दिया जाना चाहिए। वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जंगलराज में पुलिस 'क्रूरता का पर्याय' बन चुकी है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने भी इस घटना की निंदा की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चिनहट के जैनाबाद निवासी मोहित कुमार (30) को पुलिस ने शनिवार को एक मामले में हिरासत में लिया था। उसी दिन हिरासत में ही उसकी तबीयत खराब हो गयी। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और बाद में उच्चतर केंद्र ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पीड़ित के परिवार के सदस्यों ने पुलिस पर मोहित की हत्या का आरोप लगाते हुए धरना-प्रदर्शन किया। विभूति खंड के सहायक पुलिस आयुक्त राधारमण सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि इस मामले में मृतक मोहित की मां की शिकायत पर चिनहट थाने के निरीक्षक अश्विनी चतुर्वेदी और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा कि मोहित की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए डॉक्टरों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम किया जाएगा और इसकी वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।इस बीच, घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें मोहित हवालात में लेटा हुआ दिखाई दे रहा है।



## न्यूज अपडेट

### उप्र : परिवार पर हमला करने वाले 12 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश

**भदोही :** उत्तर प्रदेश के भदोही में साल 2010 में एक व्यक्ति की जमीन पर कब्ज़ा करने की नीयत से हमला कर परिवार के मुखिया और उनके बेटे-बहू के अलावा पोतों को बुरी तरह घायल करने के मामले में यहां की एक अदालत ने 12 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। हमले के इस मामले में एक साल तक पुलिस ने जब कोई कार्रवाई नहीं की तो 70 वर्षीय मुन्नी लाल ने 2011 में अदालत में याचिका दायर कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई। याचिका दायर करने के डेढ़ साल बाद मुन्नी लाल की मृत्यु हो गई और उनके बेटे लालजी ने इस मामले में पैरवी की। औराई थाना के प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरकिरण कौर ने इस मामले में सुनवाई करते हुए 12 लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 323, 504, 506, 147, 149 के तहत मुकदमा दर्ज करने का आदेश औराई थाना पुलिस को दिया है।

### बरेली में चार वर्ष की बच्ची की हत्या, उसकी ताई एवं तांत्रिक गिरफ्तार

**बरेली (उप्र) :** बरेली जिले में इज्जत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में तांत्रिक क्रिया के लिए चार वर्षीय एक बच्ची की हत्या करने के आरोप में उसकी ताई और एक तांत्रिक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकरियों ने बताया कि चार वर्षीय बच्ची मिस्टी के परिवार ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही की और बच्ची की ताई के घर से उसका शव बरामद किया। उन्होंने बताया कि मिस्टी शिकारपुर चौधरी गांव स्थित अपने घर से शनिवार को लापता हो गई थी, जिसके बाद उसके परिजनों ने इज्जत नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने बताया कि मिस्टी की ताई सावित्री ने किसी को भी अपने घर में प्रवेश करने की अनुमति देने से मना कर दिया था जिसके बाद उसकी गतिविधियां 'संदिग्ध' पाई गईं। उसने बताया कि पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की मदद से मामले की जांच की। पुलिस ने सावित्री के घर पर छापा मारा और बोरवेल के पास एक बोरी में रखा गया मिस्टी का शव बरामद किया।

### झारखंड: सीता सोरेन राज्य में मंत्री अंसारी की 'अपमानजनक' टिप्पणियों को लेकर रो पड़ीं

**जामताड़ा :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता सीता सोरेन ने उनके बारे में झारखंड में मंत्री इरफान अंसारी की कथित अपमानजनक टिप्पणियों के बारे में बात करते हुए रो पड़ीं। जामताड़ा सीट से विधानसभा चुनाव लड़ रहीं सोरेन अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से एक दिन पहले संवाददाताओं को संबोधित कर रही थीं। इस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अंसारी ने बृहस्पतिवार को नामांकन दाखिल करने के बाद सोरेन के बारे में कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा, 'जब से मेरी उम्मीदवारी की घोषणा हुई है, अंसारी मुझे निशाना बना रहे हैं। लेकिन नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने जो अपमानजनक टिप्पणी की, वह स्वीकार्य नहीं है। यह आदिवासी समुदाय की महिलाओं का अपमान है। आदिवासी समुदाय उन्हें कभी माफ नहीं करेगा।' उन्होंने रोते हुए कहा, 'चूंकि मेरे पति जीवित नहीं हैं, इसलिए उन्होंने (अंसारी ने)...।' झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रमुख शिबू सोरेन के छोटे बेटे हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने और धन शोधन मामले में जेल जाने के बाद, मुख्यमंत्री पद को लेकर परिवार में मतभेद होने पर दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन इस साल की शुरुआत में भाजपा में शामिल हुई थीं।

### मोटर वाहन ड्राइविंग स्कूलों के लिए राज्य नियम बनाने को अधिकृत नहीं : इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम, 1989 की धारा 27 केंद्र सरकार को मोटर वाहन ड्राइविंग स्कूलों के नियमन के उद्देश्य से लाइसेंस देने और उसके नवीकरण के लिए अधिकृत करती है जबकि राज्य सरकार इस संबंध में नियम बनाने को अधिकृत नहीं है। उत्तर प्रदेश मोटर ट्रेनिंग स्कूल ओनर्स एसोसिएशन और सात अन्य की ओर से दायर रिट याचिका स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्र और न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की पीठ ने वर्ष 2023 में जारी राज्य सरकार के आदेश को रद्द कर दिया। पीठ ने शुक्रवार को दिए अपने आदेश में कहा, इस अधिनियम की धारा 27 जोकि राज्य सरकार को नियम बनाने के लिए अधिकृत करती है और उन नियमों को बनाने से रोकती है जिन्हें बनाने के अधिकार केंद्र सरकार में निहित हैं। राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश में विभिन्न उपबंध हमारे विचार से केंद्र सरकार के नियम बनाने के अधिकार की परिधि में आते हैं। पीठ ने कहा, स्थायी अधिवक्ता की यह दलील कि राज्य का सरकारी आदेश, केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के पूरक हैं, स्वीकार नहीं किया जा सकता।

# झारखंड चुनाव: मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र और 31 अन्य सीट पर महिला मतदाताओं की अहम भूमिका

**रांची :** झारखंड की मतदाता सूची में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक होने के मद्देनजर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की सीट सहित 32 विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की भूमिका निर्णायक हो सकती है। पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की अधिक संख्या वाले 32 निर्वाचन क्षेत्रों में से 26 अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के लिए आरक्षित हैं। इक्यासी सीट वाली झारखंड विधानसभा के लिए चुनाव 13 नवंबर और 20 नवंबर को दो चरणों में होने हैं। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बरहेट विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है, जहां महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 2.25 लाख से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 1.15 लाख महिलाएं और 1.09 लाख पुरुष मतदाता हैं। इसी तरह, सरायकेला विधानसभा क्षेत्र में 3.69 लाख से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 1.83 लाख पुरुष और 1.85 लाख महिला मतदाता शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा उम्मीदवार चंपई सोरेन सरायकेला सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेताओं के हाथों 'अपमान' और 'बेइज्जती' किये जाने का हवाला देते हुए 30 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थामा था। बरहेट और सरायकेला उन 32 विधानसभा सीट में शामिल हैं, जहां महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है। झारखंड में कुल 81 निर्वाचन क्षेत्रों में से 28 सीट अनुसूचित जनजाति (एसटी) एवं नौ अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित और बाकी सामान्य श्रेणी की सीट हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिले के मझगांव विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं की तुलना में सबसे अधिक महिला मतदाता पंजीकृत हैं। मतदाता सूची के अनुसार इस निर्वाचन क्षेत्र में 1.12 लाख पुरुष मतदाताओं की तुलना में 1.21 लाख महिला मतदाताएं पंजीकृत हैं। झारखंड में करीब 2.60 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.31 करोड़ पुरुष और 1.29 करोड़ महिला मतदाता हैं, जबकि 2019 के विधानसभा चुनाव में यह संख्या 2.23 करोड़ थी। ग्यारह लाख 84 हजार मतदाता पहली बार मतदान करेंगे और 1.13 लाख विकलांग और थर्ड जेंडर के वरिष्ठ नागरिक मतदान करेंगे। राज्य में महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए राजनीतिक दल कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। महिला मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए भाजपा ने झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार की 'मईंया सम्मान योजना' का मुकाबला करने के लिए 'गोगो दीदी योजना' शुरू की है। मईंया सम्मान योजना के तहत राज्य की 50 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में 1,000 रुपये प्रतिमाह जमा किए जाते हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो दिसंबर से यह राशि बढ़ाकर 2,500 रुपये मासिक कर दी जाएगी। दूसरी ओर, भाजपा ने अपने पहले घोषणापत्र में झारखंड में सरकार बनने पर महिलाओं के खातों में 2,100 रुपये प्रति माह डालने का वादा किया है।



## बिहार: क्रिकेटर ईशान किशन के पिता प्रणव पांडे जद(यू) में शामिल



**पटना :** क्रिकेटर ईशान किशन के पिता प्रणव कुमार पांडे रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल हो गए। जद(यू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रमुख उमेश सिंह कुशवाहा समेत कई शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में यहां एक समारोह में पांडे को पार्टी में शामिल किया गया। पार्टी में शामिल होने के बाद पांडे ने कहा, 'एक बार फिर पार्टी में वापस आकर मुझे खुशी महसूस हो रही है। हमारे नेता नीतीश कुमार हमेशा मेरे लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं। अब मैं अपने वरिष्ठों के निर्देशन में कड़ी मेहनत करूंगा और पार्टी को मजबूत करूंगा।' इस अवसर पर झा ने कहा, 'पांडे कभी पार्टी से दूर नहीं हुए। उन्होंने सिर्फ अपने बेटे को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनाने के लिए ब्रेक लिया था। अब जबकि ईशान देश के लिए खेल रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, पांडे ने अब पार्टी के लिए सक्रिय रूप से काम करने का फैसला किया है। उनके शामिल होने से निश्चित रूप से पार्टी मजबूत होगी।'

# आजादी में योगदान देने वाले महापुरुष अतीत में खो नहीं जाते, भविष्य का रास्ता दिखाते हैं: मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा और सरदार पटेल की 150वीं जयंती के वर्ष को जीवंत बनाने के लिए देशवासियों से सहभागिता का आह्वान करते हुए रविवार को कहा कि आजादी के आंदोलन में योगदान देने वाले महापुरुष अतीत में खो नहीं जाते हैं, बल्कि उनका जीवन वर्तमान को भविष्य का रास्ता दिखाता है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 150वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए झारखंड विधानसभा चुनाव से पूर्व उन्होंने यह भी कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी जन्मस्थली उलिहातू की यात्रा उनके जीवन के खास पलों में एक थी, जिसका उनपर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा, ''अगर आप मुझसे पूछें कि मेरे जीवन के सबसे यादगार पल क्या रहे तो कितने ही वाकये याद आते हैं। लेकिन, इनमें भी एक पल ऐसा है जो बहुत खास है। वो पल था जब पिछले साल 15 नवंबर को मैं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी जन्मस्थली झारखंड के उलिहातू गांव गया था।'' उन्होंने कहा, ''इस यात्रा का मुझ पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा।'' उन्होंने याद दिलाया कि वह देश के पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें इस पवित्र भूमि की मिट्टी को अपने मस्तक से लगाने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा, ''उस क्षण, मुझे न सिर्फ स्वतंत्रता संग्राम की शक्ति महसूस हुई, बल्कि इस धरती की शक्ति से जुड़ने का भी अवसर मिला। मुझे यह एहसास हुआ कि कैसे एक संकल्प को पूरा करने का साहस देश के करोड़ों लोगों का भाग्य बदल सकता है।''

## प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान पुतिन को झारखंड की कलाकृति भेंट की



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में संपन्न हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को झारखंड की एक कलाकृति भेंट की, जबकि ईरान और उज्बेकिस्तान के नेताओं को महाराष्ट्र के हस्तशिल्प उत्पाद उपहार में भेंट किए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान को 'मदर ऑफ पर्ल' (एमओपी) सी-शेल फूलदान भेंट किया। अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र के तटीय क्षेत्रों के कारीगरों से प्राप्त यह फूलदान राज्य की कुशल शिल्पकला और प्राकृतिक सौंदर्य का प्रमाण है। मोदी ने उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव को एक पारंपरिक वारली पेंटिंग भेंट की, जो महाराष्ट्र की वारली जनजाति की एक प्रतिष्ठित कला है। अधिकारियों ने पेंटिंग के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला, जो लगभग 5,000 वर्ष पुरानी है।

## मुफ्त योजनाओं को बचाने के लिए भाजपा को खारिज करें: केजरीवाल



**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि 'आप' सरकार ने 10 साल तक दिल्ली के लोगों की ईमानदारी से सेवा की और बहुत से ऐसे काम किए जो देश में किसी अन्य सरकार ने नहीं किए। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने जनता से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट नहीं देने की भी अपील की। उन्होंने दावा किया कि भाजपा अगर दिल्ली में सत्ता में आती है, तो वह 'आप' सरकार की मुफ्त बिजली, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और महिलाओं के लिए बस यात्रा की योजनाओं को बंद कर देगी। केजरीवाल अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पदयात्रा अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। केजरीवाल ने कहा, ''यदि आप भाजपा को वोट देते हैं, तो आपको यह देखना होगा कि अपने बिलों का भुगतान करें या अपने बच्चों की देखभाल करें।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर: कुपवाड़ा में आतंकवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को आतंकवादियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ मिलकर वाहनों की जांच के दौरान यूनिसू में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो आतंकवादियों का सहयोगी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सोपोर इलाके के लद्दी शार्ट के रहने वाले इश्फाक माजीद डार के रूप में हुई है। प्रवक्ता ने बताया कि तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक पिस्तौल, दो मैगजीन, 12 गोलियां और एक मोबाइल फोन सहित हथियार व गोला-बारूद बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि हंदवाड़ा थाने में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### हिमाचल के मंडी जिले में कार खाई में गिरी, पांच लोगों की मौत

**मंडी(हिप्र) :** हिमाचल प्रदेश में बरोट-घटादानी लिंक रोड पर एक कार के खाई में गिर जाने से 15 वर्षीय किशोर समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान गंगा सिंह (27), सागर (15), करम सिंह (33), गुलाब सिंह (33) और राजेश कुमार (23) के रूप में हुई है। ये सभी मंडी जिले के पधर तहसील के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, हादसा शनिवार रात करीब 10 बजे बरोट-घटादानी लिंक रोड पर हुआ। हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग एक शादी समारोह से घर लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और वाहन खाई में जा गिरा।

### सरकार ने मध्यस्थता कानून में संशोधन के लिए मसौदा विधेयक पेश किया

**नयी दिल्ली :** संस्थागत मध्यस्थता को और अधिक बढ़ावा देने तथा ऐसे मामलों में अदालती हस्तक्षेप को कम करने के उद्देश्य से सरकार ने एक मसौदा विधेयक पेश किया है, जिसमें प्रस्तावित संशोधनों पर विचार मांगे गए हैं। विधि मंत्रालय के विधिक मामलों के विभाग ने मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) विधेयक, 2024 के मसौदे पर टिप्पणियां आमंत्रित करते हुए कहा है कि इसका उद्देश्य संस्थागत मध्यस्थता को और बढ़ावा देना, मध्यस्थता में अदालती हस्तक्षेप को कम करना और मध्यस्थता कार्यवाही का समय पर निष्कर्ष सुनिश्चित करना है। यह मसौदा विधेयक पूर्व विधि सचिव और पूर्व लोकसभा महासचिव टी.के. विश्वनाथन की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति द्वारा मध्यस्थता क्षेत्र में प्रस्तावित सुधारों पर अपनी रिपोर्ट विधि मंत्रालय को सौंपे जाने के कुछ महीने बाद आया है।

### ईरान पर हमले से सभी लक्ष्य हासिल हो गए हैं : नेतन्याहू

**तेल अवीव :** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि इजराइल के हमलों से ईरान को ''गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा है'' और इस हमले से ''उसके सभी लक्ष्य हासिल हो गए हैं।'' इस महीने की शुरुआत में इजराइल पर हुए ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले के जवाब में एक दिन पहले इजराइल के लड़ाकू विमानों ने ईरान में कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया था।

### इंडोनेशिया के माउंट मारापी में ज्वालामुखी विस्फोट, दूर तक फैला लावा

**पडांग (इंडोनेशिया) :** इंडोनेशिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक में रविवार को विस्फोट होने से कम से कम तीन बार राख के गुबार उठे और आसपास के गांवों में मलबा फैल गया। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के अगम जिले में स्थित माउंट मारापी में होने वाले विस्फोटों का पूर्वानुमान लगाना कठिन है, क्योंकि वे मैग्मा की गहरी हलचल के कारण नहीं, बल्कि भूगर्भीय झटकों के कारण होते हैं।

## दिल्ली में हवा की मंद गति की वजह से वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में दो दिन के अंतराल के बाद रविवार को वायु गुणवत्ता फिर से 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज की गई क्योंकि मंद हवाओं ने प्रदूषकों को बिखरने से रोक दिया। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ इलाकों में प्रदूषण का स्तर 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम चार बजे 355 दर्ज किया गया, जबकि शनिवार को यह 255 था। सीपीसीबी ने शहर के 40 निगरानी केंद्रों में से 37 के आंकड़ों को साझा किया। इसके मुताबिक तीन केंद्रों बवाना, बुराड़ी और जहांगीरपुरी में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गई। दिल्ली से सटे शहरों ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और नोएडा में भी वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' तथा फरीदाबाद और गुरुग्राम में 'खराब' दर्ज की गई। सर्दियों के दौरान दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तहत आपातकालीन उपायों में वायु गुणवत्ता को चार चरणों पहला एक्यूआई 201 से 300 होने पर 'खराब', दूसरा चरण एक्यूआई 301 से 400 होने पर 'बहुत खराब', तीसरा चरण एक्यूआई 401 से 450 होने पर 'गंभीर' और चौथा चरण एक्यूआई 450 से ऊपर होने पर 'गंभीर प्लस' में वर्गीकृत किया गया है।

## सीडीएस और सेना प्रमुख ने 78वें शौर्य दिवस पर शहीद पैदल सैनिकों को श्रद्धांजलि दी



**नयी दिल्ली :** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को 78वें शौर्य दिवस के अवसर पर यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर आयोजित एक भव्य समारोह में शहीद पैदल सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। सेना ने कहा कि पैदल सेना (इंफ्रैंट्री) के लिए 27 अक्टूबर का दिन काफी महत्वपूर्ण है। 1947 में इसी दिन, पैदल सेना के जवान श्रीनगर में उतरने वाले और शहर के बाहरी इलाकों से आक्रमणकारियों को खदेड़ने में मदद करने वाले भारतीय सेना के पहले सैनिक बने थे। इस प्रकार उन्होंने जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तानी आक्रमण से बचाया था। शौर्य दिवस कार्यक्रम में जनरल चौहान और जनरल द्विवेदी ने पैदल सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। पैदल सेना भारतीय सेना की सबसे बड़ी लड़ाकू शाखा है। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि इस अवसर पर दिए गए संदेश में 'इन्फैंट्री' शाखा के महानिदेशक ने सभी पैदल सैनिकों से बहादुरी, बलिदान, कर्तव्य के प्रति निस्वार्थ समर्पण, पेशेवर उत्कृष्टता के मूल मूल्यों के प्रति खुद को पुनः समर्पित करने तथा देश की अखंडता व संप्रभुता की रक्षा के लिए अपने संकल्प पर अडिग रहने का आह्वान किया।

## न्यूज अपडेट

### हताशा-निराशा के युग की जगह आशा-संभावना ने ले ली है: धनखड़

**गुवाहाटी :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि देश में हताशा और निराशा के पुराने दौर की जगह अब आशा और संभावना का माहौल है तथा देश वैश्विक स्तर पर एक ताकत के रूप में उभरा है। उन्होंने दावा किया कि सीमाओं के भीतर और बाहर ऐसी ताकतें होंगी जो नहीं चाहेंगी कि भारत वैश्विक शक्ति के रूप में उभरे। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को अपने कदमों से ऐसी ताकतों को जवाब देना होगा। 'कृष्णगुरु इंटरनेशनल स्पिरिचुअल यूथ सोसाइटी' के एक सम्मेलन में धनखड़ ने कहा, ''दस साल पहले, माहौल हताशा और निराशा का था। अब हम आशा और संभावना का माहौल देख रहे हैं। हमारे महापुरुषों और संतों के योगदान के कारण ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक स्तर पर एक शक्ति है।'' उन्होंने कहा, ''जब भारत का उत्थान हो रहा है, तो कुछ लोगों को चोट लगना स्वाभाविक है। कुछ लोग देश के भीतर हैं और कुछ बाहर...युवा इन लोगों को अपने अर्जित ज्ञान के माध्यम से जवाब देंगे और और इसका इस्तेमाल राष्ट्र के लिए करेंगे।'' उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश की आध्यात्मिक शक्ति भारत के उत्थान के केंद्र में है। उन्होंने युवाओं से आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलने और उसमें राष्ट्रवाद एवं आधुनिकता की भावना भरने का आह्वान किया। उन्होंने देश की आर्थिक वृद्धि का भी उल्लेख करते हुए कहा, ''जब आप आध्यात्मिक जागृति के लिए प्रयास करते हैं, तो हमारे लिए एक और जागृति सामने आ रही है। यह भारत का क्रमिक और निरंतर उत्थान है।'' उपराष्ट्रपति ने कहा, ''भारत को सदियों तक दबाया गया और अब वह मुक्त हो गया है...एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र मौजूद है, जहां हर युवा अपनी क्षमता का पता लगा सकता है और आगे बढ़ सकता है।''

### श्रीलंका नौसेना ने अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**कोलंबो :** श्रीलंका की नौसेना ने समुद्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में भारत के 12 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौका भी जब्त कर ली है। एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 12 और लोगों को गिरफ्तार किए जाने से द्वीपीय देश में इस साल ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या बढ़कर 462 हो गई है। श्रीलंका नौसेना ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया और उत्तरी प्रांत जाफना के प्वाइंट पेड्रो तट से उनकी नौका भी जब्त की गई है। इसमें बताया गया कि पकड़े गए 12 मछुआरों को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। बयान में कहा गया कि श्रीलंकाई नौसेना ने 2024 में अब तक द्वीप के समुद्री क्षेत्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में 462 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी 62 नौकाओं को जब्त किया है। इसमें कहा गया है कि कानूनी कार्रवाई के लिए मछुआरों को अधिकारियों को सौंप दिया गया है। श्रीलंका के मत्स्य मंत्रालय ने बताया कि दोनों पड़ोसियों के बीच बार-बार उत्पन्न होने वाली समस्या (मछुआरों द्वारा मछली पकड़ना) पर चर्चा करने के लिए 12 सदस्यीय भारतीय दल मंगलवार को यहां पहुंचेगा। दोनों देशों के मछुआरों को अनजाने में एक-दूसरे के समुद्री क्षेत्र में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता है।

### राष्ट्रपति बाइडन व्हाइट हाउस में भारतीय अमेरिकियों के साथ दिवाली मनाएंगे

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन सोमवार शाम को 'व्हाइट हाउस' में देशभर से बड़ी संख्या में आए भारतीय अमेरिकियों के साथ दिवाली मनाएंगे। राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास और कार्यालय 'व्हाइट हाउस' की ओर से कहा गया है, ''पिछले वर्षों की परंपरा को जारी रखते हुए राष्ट्रपति अपने भाषण से पहले ब्लू रूम में दीया जलाएंगे।'' इसके बाद वह भारतीय अमेरिकियों की एक सभा के समक्ष भाषण देंगे जिनके लिए वह एक स्वागत समारोह की मेजबानी कर रहे हैं। यह व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति बाइडन का आखिरी दिवाली समारोह होगा क्योंकि वह राष्ट्रपति पद का चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में कहा गया, ''राष्ट्रपति के भाषण में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' की प्रतिष्ठित अंतरिक्ष यात्री और नौसेना की सेवानिवृत्त कैप्टन सुनीता 'सुनी' विलियम्स का एक वीडियो संदेश होगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से एक अभिवादन वीडियो रिकॉर्ड किया, जहां उन्होंने सितंबर में कमांडर के रूप में पदभार संभाला था।'' बयान में कहा गया है, ''सुनी हिंदू धर्म को मानने वाली हैं और उन्होंने पहले भी आईएसएस से दुनिया भर के लोगों को दिवाली की शुभकामनाएं भेजी हैं। वह अपनी विरासत का जश्न मनाने के लिए अपने साथ कई भारतीय/हिंदू सांस्कृतिक वस्तुओं और प्रतीक के साथ आईएसएस में हैं जिनमें समोसा से लेकर उपनिषद और भगवद गीता की प्रति शामिल हैं।''

## मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 10 लोग घायल, दो की हालत गंभीर: नगर निकाय अधिकारी



**मुंबई :** मुंबई में बांद्रा रेलवे स्टेशन पर रविवार तड़के गोरखपुर जाने वाली एक ट्रेन में चढ़ने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ के बीच धक्का-मुक्की के दौरान मची भगदड़ में 10 लोग घायल हो गए जिनमें से दो की हालत गंभीर है । नगर निकाय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस बीच, पश्चिमी रेलवे ने एक बयान में कहा कि घटना में दो लोग घायल हो गए। आंकड़ों का तुरंत मिलान नहीं किया जा सका है। उधर, नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि 10 घायलों में से दो की हालत गंभीर है। सूत्रों के अनुसार, दिवाली और छठ के आगामी उत्सवों के मद्देनजर अपने घरों को जाने की योजना बना रहे लोग बड़ी संख्या में बांद्रा टर्मिनल पहुंचे। जब अनारक्षित ट्रेन को एक प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा था तो कई यात्री उसमें चढ़ने के लिए दौड़ पड़े। नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब बड़ी संख्या में लोग 22921 बांद्रा-गोरखपुर अंत्योदय एक्सप्रेस पर चढ़ने के लिए बांद्रा टर्मिनल की प्लेटफॉर्म संख्या एक पर मौजूद थे। पश्चिम रेलवे ने बताया कि यह घटना देर रात दो बजकर 45 मिनट पर बांद्रा टर्मिनल की प्लेटफॉर्म संख्या एक पर हुई जब अंत्योदय एक्सप्रेस बांद्रा टर्मिनल यार्ड से प्लेटफॉर्म की ओर ''धीरे-धीरे बढ़'' रही थी। पश्चिम रेलवे ने सुबह करीब साढ़े 10 बजे जारी बयान में कहा, इस दौरान प्लेटफॉर्म पर कुछ यात्रियों ने चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की, जिससे एक दुर्घटना में दो यात्री नीचे गिर गए और घायल हो गए।

## ओडिशा के चक्रवात प्रभावित भद्रक में लोग मोबाइल फोन चार्ज करने के लिए दे रहे हैं 20 रुपये प्रति घंटा

**भद्रक (ओडिशा) :** ओडिशा के भद्रक जिले के बासुदेवपुर खंड के कई गांवों में लोग अपने मोबाइल फोन की बैटरी चार्ज करने के लिए बिजली जनरेटर ले जाने वाले वाहनों के आगे कतार में खड़े देखे जा सकते हैं, क्योंकि चक्रवात 'दाना' के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। भद्रक जिले की बिष्णुपुर पंचायत की सरपंच शांतिलता पांडा ने बताया कि लोगों को एक मोबाइल फोन की बैटरी रिचार्ज करने के लिए 20 रुपये प्रति घंटा तथा घरों में पानी की टंकी में पानी भरने के लिए 300 रुपये देने पड़ रहे हैं। पांडा ने कहा कि स्थानीय टेंट हाउस और अन्य व्यापारी, जिनके पास पेट्रोल और डीजल से चलने वाले जनरेटर सेट हैं, वे इलाके के लोगों को सशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। जिले के नुआगांव गांव के एक युवक ने कहा, मैंने अपना मोबाइल फोन चार्ज करने के लिए 20 रुपये प्रति घंटे का भुगतान किया है। हम प्रशासन से जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने का अनुरोध करते हैं। इस बीच ओडिशा में बिजली आपूर्ति करने वाली कंपनी 'टाटा पावर' ने कहा कि लगभग 92 प्रतिशत प्रभावित क्षेत्रों में बिजली बहाल कर दी गई है तथा उसने पूर्ण बहाली में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त टीमें तैनात की हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इंजीनियर, लाइनमैन और सहायक कर्मचारी सरकारी एजेंसियों एवं स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। शुक्रवार की सुबह पूर्वी तट पर भीषण चक्रवाती तूफान 'दाना' आया, जिससे मूसलाधार बारिश और तेज़ हवाएं चलीं, जिसके कारण पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए।

## इजराइल के हमले को ''न तो बढ़ा-चढ़ाकर और न ही कम करके बताया जाना चाहिए'': ईरान के सर्वोच्च नेता



**दीर अल-बला (गाजा पट्टी) :** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने रविवार को कहा कि इस सप्ताहांत ईरान पर हुए इजराइल के हमले को ''न तो बढ़ा-चढ़ाकर और न ही कम करके बताया जाना चाहिए।'' बहरहाल खामेनेई ने इस हमले के बाद जवाबी कार्रवाई का आह्वान करने से परहेज किया। खामेनेई की ये टिप्पणियां संकेत देती हैं कि ईरान इस हमले को लेकर अपनी प्रतिक्रिया पर सावधानीपूर्वक विचार कर रहा है। ईरान की सेना पहले ही कह चुकी है कि गाजा पट्टी या लेबनान में संघर्ष विराम इजराइल पर किसी भी जवाबी हमले से बेहतर है लेकिन ईरानी अधिकारियों ने यह भी कहा है कि उनके पास जवाब देने का अधिकार है। खामेनेई ने कहा, ''इजराइली शासन द्वारा दो रात पहले किए गए दुष्कृत्यों को न तो बढ़ा-चढ़ाकर और न ही कम करके पेश किया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''इजराइली शासन की गलतफहमियों को दूर किया जाना चाहिए। उन्हें ईरानी राष्ट्र और उसके युवाओं की ताकत एवं इच्छाशक्ति के बारे में समझाना जरूरी है।'' खामेनेई ने कहा, ''यह तय करना प्राधिकारियों का काम है कि ईरानी लोगों की इच्छाशक्ति और ताकत के बारे में इजराइली शासन को कैसे समझाया जाए और इस राष्ट्र के हितों की पूर्ति करने वाली कार्रवाई कैसे की जाएग।''

## देपसांग, डेमचोक में सैनिकों की वापसी पहला कदम, तनाव कम करना अगला कदम: जयशंकर



**मुंबई :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि लद्दाख के देपसांग और डेमचोक में सैनिकों का पीछे हटना पहला कदम है, और उम्मीद है कि भारत 2020 की गश्त की स्थिति में वापस आ जाएगा। विदेश मंत्री ने स्पष्ट रूप से चीन का जिक्र करते हुए कहा कि अगला कदम तनाव कम करना है, जो तब तक नहीं होगा जब तक भारत को यकीन नहीं हो जाता कि दूसरी तरफ भी यही हो रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में, भारत ने घोषणा की कि उसने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त करने को लेकर चीन के साथ समझौता कर लिया है। चार साल से अधिक समय से पूर्वी लद्दाख में जारी सैन्य गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में यह एक बड़ी सफलता है। मुंबई में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि देपसांग और डेमचोक में गश्त करने और पीछे हटने पर आम सहमति बन गई है। उन्होंने कहा, ''यह स्पष्ट है कि इसे लागू करने में समय लगेगा। यह पीछे हटने और गश्त का मुद्दा है, जिसका मतलब है कि हमारी सेनाएं एक-दूसरे के बहुत करीब आ गई थीं और अब वे अपने ठिकानों पर वापस चली गई हैं। हमें उम्मीद है कि 2020 वाली स्थिति बहाल हो जाएगी।'' विदेश मंत्री ने कहा कि सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी करना पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है, जो तब तक नहीं होगा जब तक भारत को यकीन न हो जाए कि दूसरी तरफ भी यही हो रहा है। उन्होंने कहा, ''तनाव कम होने के बाद सीमाओं का प्रबंधन कैसे किया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी।''

## बांग्लादेश: कथित नरसंहार को लेकर पूर्व सेनाध्यक्ष,10 पूर्व मंत्रियों, शेख हसीना के सलाहकारों को तलब किया गया

**ढाका :** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने देश में जुलाई-अगस्त में विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ कथित अपराधों और नरसंहार के सिलसिले में रविवार को पूर्व सेनाध्यक्ष जियाउल अहसान, 10 पूर्व मंत्रियों और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के दो सलाहकारों सहित 20 व्यक्तियों को अगले महीने तलब किया है। देश की अंतरिम सरकार के अनुसार, विद्रोह के दौरान कम से कम 753 लोग मारे गए और हजारों घायल हुए, जिसे आईसीटी अभियोजन टीम और अंतरिम सरकार ने मानवता के खिलाफ अपराध एवं नरसंहार करार दिया। हसीना और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ अब तक आईसीटी की जांच एजेंसी और अभियोजन टीम के समक्ष मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार की 60 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं। 'द डेली स्टार' अखबार की खबर के अनुसार, आईसीटी ने संबंधित अधिकारियों को 18 नवंबर को 10 पूर्व मंत्रियों और पूर्व प्रधानमंत्री हसीना के दो सलाहकारों सहित 20 लोगों को अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है। यह आदेश मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम के एक आवेदन के बाद न्यायमूर्ति एमडी गोलाम मुर्तुजा मजूमदार के नेतृत्व में तीन सदस्यीय आईसीटी पीठ द्वारा जारी किया गया। 'ढाका ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार, आरोपियों की सूची में पूर्व मंत्री फारूक खान, राशिद खान मेनन, हसनुल हक इनु, जुनैद अहमद पलक, अब्दुर रज्जाक, शाहजहां खान, कमाल अहमद मजूमदार और गोलाम दस्तगीर गाजी शामिल हैं। खबर के मुताबिक, आरोपियों की सूची में प्रधानमंत्री शेख हसीना के पूर्व सलाहकार तौफीक-ए-इलाही और सलमान एफ रहमान, पूर्व सेना प्रमुख अहसान, पूर्व न्यायाधीश शमसुद्दीन चौधरी माणिक और पूर्व गृह सचिव जहांगीर आलम के भी नाम शामिल हैं। न्यायाधिकरण ने 17 अक्टूबर को हसीना और 45 अन्य लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था जिनमें उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय और उनके कई पूर्व कैबिनेट सदस्यों के नाम हैं। आईसीटी का गठन मार्च 2010 में हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार द्वारा 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान मानवता के खिलाफ किए गए अपराधों के दोषियों पर मुकदमा चलाने के लिए किया गया था। बाद में, इसने आईसीटी-2 का गठन किया और दोनों न्यायाधिकरणों के फैसले के बाद जमात-ए-इस्लामी और हसीना की कट्टर प्रतिद्वंद्वी खालिदा जिया की बीएनपी पार्टी के कम से कम छह नेताओं को फांसी दे दी गई। इसके अध्यक्ष के सेवानिवृत्त होने के बाद जून के मध्य से न्यायाधिकरण निष्क्रिय रहा।

## भारत में कोविड के दीर्घकालिक प्रभावों से पीड़ित मरीजों का इलाज चिकित्सकों के लिये चुनौती

**नयी दिल्ली :** भारत में चिकित्सक सीमित दिशा निर्देशों के कारण कोविड-19 के दीर्घकालिक प्रभावों से पीड़ित मरीजों के अस्पष्ट और लगातार बरकरार लक्षणों का पता लगाने तथा उनका इलाज करने के लिए जूझ रहे हैं और शोधकर्ताओं ने इस स्थिति पर अपर्याप्त अध्ययन की ओर इशारा किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पिछले साल मई में वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में कोविड-19 के खत्म होने की घोषणा की थी लेकिन लोगों के लंबे समय तक कोविड के प्रभावों से पीड़ित रहने के बोझ का आकलन करने के लिए दुनियाभर में प्रयास किए जा रहे हैं। लंबे समय तक कोविड के लक्षण बरकरार रहने के कारण शरीर के विभिन्न अंगों पर असर पड़ता है और इन लक्षणों में खांसी, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द, थकान, मतिभ्रम और ध्यान केंद्रित करने में मुश्किल शामिल हैं। यह संक्रामक रोग सार्स-सीओवी-2 वायरस के कारण होता है। अध्ययनों से पता चलता है कि कोविड-19 से मध्यम या गंभीर रूप से संक्रमित करीब एक तिहाई लोगों के लंबे समय तक इस संक्रमण के प्रभाव से पीड़ित रहने की आशंका होती है। अमेरिका के हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के शोधकर्ता समेत अन्य शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन में अनुमान जताया गया है कि उत्तर अमेरिका में एक बार कोरोना वायरस से संक्रमित रहे 31 प्रतिशत, यूरोप में 44 प्रतिशत और एशिया में 51 प्रतिशत लोगों में लंबे समय तक कोविड का प्रभाव रहा जो ''स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को चुनौती दे रहा है लेकिन इसके उपचार के लिए सीमित दिशा निर्देश हैं।'' बहरहाल, भारत में कोविड के दीर्घकालिक प्रभाव पर अध्ययन बहुत कम रहे हैं। नयी दिल्ली में मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज द्वारा मई 2022 से मार्च 2023 तक 553 मरीजों पर किए एक ऐसे ही अध्ययन में पाया गया है कि करीब 45 प्रतिशत मरीजों में लंबे समय तक रहने वाले लक्षण थे जिनमें थकान और सूखी खांसी सबसे आम लक्षण थे। नयी दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में मनोरोग के प्रोफेसर डॉ. राजेश सागर ने कहा, ''भारत में कोविड के दीर्घकालिक प्रभावों के अध्ययनों की वर्तमान स्थिति को देखते हुए, यह कहना जल्दबाजी होगी कि हम इस स्थिति को इतनी अच्छी तरह समझते हैं कि इसका निदान या उपचार कैसे किया जाए।''

## भारत को जापान पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में 24 पदक

**तोक्यो :** शिवराजन सोलईमलई और सुकांत कदम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को जापान पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 24 पदक जीते। भारत ने छह स्वर्ण, नौ रजत और नौ कांस्य पदक जीते। शिवराजन को दोहरी सफलता मिली। उन्होंने पुरुष एकल एसएच6 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा पुरुष युगल में सुदर्शन श्रवणकुमार मुथुसामी के साथ मिलकर खिताब जीता। सुकांत ने पुरुष एकल (एसएल4) में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा पुरुष युगल (एसएल3-एसएल4) में दिनेश राजैया के साथ मिलकर रजत पदक जीता। उन्होंने एकल फाइनल में साथी भारतीय खिलाड़ी तरूण को 21-12, 21-10 से हराया। नवीन शिवकुमार और सूर्यकांत यादव को कांस्य पदक मिले। पुरुष युगल फाइनल में सुकांत और दिनेश को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उमेश विक्रम कुमार और सूर्यकांत यादव की हमवतन जोड़ी के खिलाफ 5-21, 22-20, 16-21 की हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सुकांत ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'एकल में स्वर्ण और युगल में रजत जीतना बेहद विशेष है। मैं अपने कोच, सहयोगी टीम और पूरे पैरा बैडमिंटन समुदाय को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। यह जीत सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए मेरी प्रेरणा बनती है।' अन्य स्पर्धाओं में मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन कुमार नितेश ने एसएल3 फाइनल में जापान के डाइसुके फुजिहारा के खिलाफ करीबी मुकाबले में 16-21, 21-18, 19-21 की हार से रजत पदक जीता। महिलाओं के एसयू5 वर्ग में मनीषा रामदास ने जापान की मामिको टोयोडा को 21-12, 21-18 से हराकर स्वर्ण पदक जीता जबकि नीरज को महिलाओं के एसएल3 वर्ग में कोरालिन बर्गेरॉन से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एसएल3-एसयू5 वर्ग की मिश्रित युगल स्पर्धा में सूर्यकांत यादव के साथ नीरज दूसरे स्थान पर रहीं। पुरुष युगल एसयू5 वर्ग में हार्दिक मक्कड़ और आर रघुपति ने स्वर्ण पदक जीता जबकि देव राठी और इंडोनेशिया के बार्तलोमेज मरोज ने रजत पदक हासिल किया। हार्दिक और रघुपति ने पुरुष एकल एसयू5 वर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

## न्यूजीलैंड महिला टीम ने भारत को 76 रन से हराकर श्रृंखला में वापसी की



**अहमदाबाद :** कप्तान सोफी डिवाइन के हरफनमौला खेल से न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे महिला एकदिवसीय में रविवार को यहां भारत को 76 रन से शिकस्त देकर शानदार वापसी की। डिवाइन ने 86 गेंद में 79 रन की शानदार पारी खेलने के बाद 27 रन पर तीन विकेट भी चटकाये। भारत के लिए राधा यादव ने चार विकेट लेने के बाद 48 रन बनाये लेकिन उनका प्रयास टीम के लिए नाकाफी साबित हुआ। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 259 रन बनाने के बाद भारत की पारी को 47.1ओवर में 183 रन पर समेट कर श्रृंखला को 1-1 से बराबर किया।श्रृंखला तीसरा और निर्णायक मैच मंगलवार को खेला जायेगा। भारतीय टीम 108 रन पर आठ विकेट गंवाने के बाद शर्मनाक हार की तरफ बढ़ रही थी लेकिन राधा यादव और साइमा ठाकोर(29) की नौवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी ने टीम को बड़े अंतर से हार से बचाया। डिवाइन के अलावा लिया ताहुहू ने भी तीन विकेट लिये जबकि जेस केर और ईडन कार्सन को दो-दो सफलता मिली। डिवाइन ने 86 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 79 रन बनाए। उन्होंने को मैडी ग्रीन (41 गेंदों पर 42 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 82 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर न्यूजीलैंड को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। राधा ने चार विकेट लिये लेकिन उन्होंने 69 रन भी लुटाये। दीप्ति शर्मा को दो सफलता मिली जबकि प्रिया मिश्रा और साइमा को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम को ताहुहू ने पहले ओवर में ही स्मृति मंधाना का खाता खोले बगैर चलता किया तो वहीं जेस केर ने शेफाली वर्मा (11) को पगबाधा किया। ताहुहू ने यास्तिका भाटिया (12) को विकेटकीपर गेज इसाबेल गेज के हाथों कैच कराया। कप्तान हरमनप्रीत कौर (24) और जेमिमा रोड्रिग्स (17) की साझेदारी खतरनाक होती उससे पहले ही डिवाइन ने दोनों को आउट करभारत का स्कोर पांच विकेट पर 77 रन कर दिया। तेजल हसबनिस और दीप्ति शर्मा की साझेदारी के साथ भी ऐसा ही हुआ। ईडन कार्सन ने 25वें ओवर में हसबनिस और ताहुहू ने 26वें ओवर में दीप्ति को आउट कर मैच को भारत की पकड़ से दूर किया। दोनों ने 15-15 रन का योगदान दिया। अरुंधति रेड्डी (02) कार्सन का दूसरा शिकर बनी। राधा और साइमा ने इसके बाद दिलेरी से बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड के जीत के इंतजार को लंबा किया। दोनों के बीच 70 रन की साझेदारी को जेस केर ने साइमा को आउट कर तोड़ा।

## न्यूज अपडेट

### सभी क्रिकेट प्रशंसकों और बीसीसीआई से माफी: शमी



**नयी दिल्ली :** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने प्रशंसकों और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से माफी मांगी है क्योंकि बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए उनकी वापसी में जल्दबाजी नहीं करने का फैसला किया है क्योंकि वह अभी तक मैच फिटनेस हासिल नहीं कर पाए हैं। शमी ने सर्जरी करवाने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना 'रिहैबिलिटेशन' पूरा किया। लेकिन उनके घुटनों में सूजन के कारण उनकी वापसी की योजना में रुकावट आई। हालांकि शमी ने हाल में घोषणा की थी कि उन्हें कोई दर्द नहीं है। शमी ने इंस्टाग्राम पर अपनी ट्रेनिंग का एक वीडियो पोस्ट किया और कहा कि वह जल्द ही वापसी करेंगे। इस 34 वर्षीय गेंदबाज ने कहा, 'मैं प्रयास कर रहा हूं और दिन-प्रतिदिन अपनी गेंदबाजी फिटनेस में सुधार कर रहा हूं। मैच के लिए तैयार होने और घरेलू लाल गेंद क्रिकेट खेलने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगा। सभी क्रिकेट प्रशंसकों और बीसीसीआई से भी माफी मांगता हूं। लेकिन बहुत जल्द मैं लाल गेंद क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हूं, आप सभी को प्यार।' शमी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने को तैयार है। उम्मीद है कि वह नवंबर के पहले सप्ताह में कर्नाटक के खिलाफ बंगाल के अगले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए नहीं चुना गया।

### ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ी को तीन सेकेंड के भीतर दिखाया गया लाल कार्ड

**साओ पाउलो:** ब्राजील के एक फुटबॉल खिलाड़ी को शीर्ष डिविजन मुकाबले में दौरान विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मारने के लिए मैच शुरू होने के तीन सेकेंड के भीतर लाल कार्ड दिखाया गया। क्रुजेइरो के राफा सिल्वा ने एथलेटिको पेरेनाएंसे के केइके रोचा को मैच शुरू होते ही कोहनी मारी जिससे टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। रैफरी रोड्रिगो जोस परेरा डि लिमा ने क्रुजेइरो के 32 साल के खिलाड़ी सिल्वा को लाल कार्ड दिखाया जो फुटबॉल के इतिहास में सबसे जल्दी दिखाए गए लाल कार्ड में से एक है। क्रुजेइरो को इस मैच में 0-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### डब्ल्यूटीटी चैंपियन्स में मनिका क्वार्टर फाइनल में हारी

**नयी दिल्ली :** स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा क्वार्टर फाइनल में चीन की कियान टियानयी के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ फ्रांस के मोंटपेलियर में चल रहे डब्ल्यूटीटी चैंपियन्स टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। दुनिया की 30वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी को शनिवार रात हुए मुकाबले में सिर्फ 25 मिनट में टियानयी के खिलाफ 8-11, 8-11, 10-12 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों में कई पदक जीतने वाली मनिका ने तीनों गेम में विरोधी खिलाड़ी को अच्छी टक्कर दी लेकिन चीन की खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण अंकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। डब्ल्यूटीटी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मनिका ने शुक्रवार को दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी रोमानिया की बर्नाडेट जोक्स को 11-9, 6-11, 13-11, 11-9 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई थी। टियानयी ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में उलटफेर करते हुए दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी और शीर्ष वरीय हमवतन यिडी वैंग को 11-7, 11-9, 13-11 से शिकस्त दी थी। डब्ल्यूटीटी में हिस्सा ले रही एक अन्य भारतीय दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी श्रीजा अकुला को पहले दौर में ही दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी पुएर्टो रिको की एड्रियाना डियाज ने 6-11, 11-7, 11-1, 8-11, 11-8 से हराया था।

### मन्नत शीर्ष अमेच्योर और भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ पर रहीं, लिज के नाम रहा खिताब

**गुरुग्राम :** मन्नत बराड़ हीरो वुमेंस इंडियन ओपन गोल्फ में रविवार को चौथे और आखिरी दौर के बाद संयुक्त 11वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ और शीर्ष अमेच्योर खिलाड़ी बन कर उभरी। इंग्लैंड की लिज यंग ने एक शॉट की बढ़त के साथ इस खिताब को अपने नाम किया। मन्नत ने यहां डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आखिरी दौर में दो अंडर 70 के कार्ड के साथ कुल चार ओवर 292 कर स्कोर बनाया। प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी उन से दो स्ट्रोक पीछे संयुक्त 15वें स्थान पर रहीं। त्वेसा मलिक नौ-ओवर 297 के स्कोर के साथ संयुक्त 26वें जबकि रिधिमा दिलावरी और वाणी कपूर दस ओवर 298 के साथ संयुक्त रूप से 31वें स्थान पर रहीं। लिज ने टूर्नामेंट के आखिरी दिन 72 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर दो अंडर 286 रहा। 23 अक्टूबर को अपना 42वां जन्मदिन मनाने वाली ब्रिटेन की इस खिलाड़ी ने दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से काबिज चार खिलाड़ियों पर एक शॉट की बढ़त के साथ लेडीज यूरोपीय टूर पर दूसरा खिताब जीता।

### अरमान भाटिया ने इंडिया मास्टर्स पिकलबॉल चैंपियनशिप जीती

**नयी दिल्ली :** भारत के अरमान भाटिया ने रविवार को यहां रोमांचक फाइनल मैच में अमेरिका के डस्टी बॉयर को हराकर पीडब्लूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स पिकलबॉल चैंपियनशिप में पुरुष प्रो एकल का खिताब जीता। भाटिया ने करीबी मुकाबले में 8-11, 11-9, 11-8 से जीत दर्ज की। भाटिया की जीत भारतीय पिकलबॉल समुदाय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। पूरे टूर्नामेंट में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन ने देश के शीर्ष खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत कर दी है। पिकलबॉल विश्व रैंकिंग (पीडब्लूआर) नयी दिल्ली में पीडब्लूआर 700 स्तर के टूर्नामेंट पीडब्लूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स की मेजबानी कर रहा है।

## श्रृंखला में हार की जिम्मेदारी सीनियर खिलाड़ियों पर: कार्तिक, मांजरेकर ने गंभीर का बचाव किया



**नयी दिल्ली :** भारत के पूर्व विकेटकीपर दिनेश कार्तिक का मानना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में हार की जिम्मेदारी सीनियर भारतीय खिलाड़ियों पर है जबकि पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि कोच गौतम गंभीर पर दोष मढ़ना अनुचित होगा। भारत ने शनिवार को पुणे में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट 113 रन से गंवा दिया जिससे मेहमान टीम ने तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली। इसके साथ ही भारत का 2012-13 में इंग्लैंड से हारने के बाद से घरेलू मैदान पर लगातार 18 टेस्ट श्रृंखला जीतने का सिलसिला भी खत्म हो गया। दोनों मुकाबलों के दौरान सीनियर खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। रोहित शर्मा और विराट कोहली बल्ले से संघर्ष करते रहे जबकि रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की स्पिन जोड़ी भी कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाई। कार्तिक ने 'क्रिकबज' से कहा, 'हां। इसका (श्रृंखला में हार का) दोष सीनियर खिलाड़ियों पर क्यों नहीं होना चाहिए? वे खुद को देखेंगे और कहेंगे, 'हम और क्या बेहतर कर सकते थे?' मुझे नहीं लगता कि वे इससे भाग रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'अगर आप जीत का जश्न मना सकते हैं और प्रशंसक यह महसूस करते हैं कि वे कितने महत्वपूर्ण हैं तो जब हार होती है और आप पर हमला किया जाता है तो मुझे लगता है कि उनमें इसका सामना करने की हिम्मत होनी चाहिए।' कार्तिक ने कहा कि सीनियर खिलाड़ी हार की जिम्मेदारी खुद लेंगे और स्वीकार करेंगे कि यह उनकी सर्वश्रेष्ठ श्रृंखला नहीं थी। उन्होंने कहा, 'अगर आप उनमें से हर एक से व्यक्तिगत रूप से पूछें कि वे श्रृंखला के बारे में क्या सोचते हैं तो मुझे नहीं लगता कि वे पूरी टीम के प्रदर्शन के बारे में कुछ खास कह पाएंगे और उनसे यह पूछना उचित होगा कि भारत में टेस्ट क्रिकेट के भविष्य और भारतीय टेस्ट क्रिकेट के लिए क्या बेहतर किया जा सकता है।' कार्तिक ने कहा, 'मैं उनमें से प्रत्येक को व्यक्तिगत रूप से जानता हूं। वे कहेंगे कि उनके लिए यह सर्वश्रेष्ठ श्रृंखला नहीं थी। फिर सवाल यह उठता है कि उन्हें बेहतर होने के लिए क्या करने की जरूरत है और यह एक मौजूदा सवाल है।' भारत के दो टेस्ट मैच में रणनीति में चूक करने और बार-बार बल्लेबाजी के ढहने के बाद नए मुख्य कोच गौतम गंभीर भी आलोचनाओं के घेरे में आ गए हैं लेकिन मांजरेकर ने इस पूर्व सलामी बल्लेबाज का समर्थन किया। मांजरेकर ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' से कहा, 'मैं अब भी यही कहूंगा कि कोच का टीम पर सबसे कम प्रभाव होता है, आपके 11वें सबसे कमजोर खिलाड़ी से भी कम। वह मैदान पर पैर नहीं रखता, कप्तान वहां प्रभारी होता है।'

समाज्ञा व्यापार

## नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने चीन से अतिरिक्त 10 अरब युआन का कर्ज मांगा


**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने चीन से अतिरिक्त 10 अरब युआन (1.4 अरब डॉलर) का कर्ज देने का अनुरोध किया है। रविवार को जारी एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। नकदी संकट से जूझ रहा यह देश पहले ही मौजूदा 30 अरब युआन (4.3 अरब डॉलर) की चीनी व्यापार सुविधा का उपयोग कर चुका है। वित्त मंत्रालय द्वारा शनिवार देर रात जारी बयान में कहा गया कि वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने वाशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के दौरान चीन के वित्त उप मंत्री लियाओ मिन से मुलाकात की और उनसे मुद्रा अदला-बदली करार के तहत सीमा को बढ़ाकर 40 अरब युआन करने का अनुरोध किया। समाचार पत्र 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के अनुसार, यदि चीन इसे स्वीकार कर लेता है, तो कुल सुविधा लगभग 5.7 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगी। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान ने ऋण सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया है। हालांकि, चीन ने पिछले सभी ऐसे अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया है। यह नवीनतम अनुरोध चीन द्वारा मौजूदा 4.3 अरब डॉलर (30 अरब युआन) की सुविधा को अगले तीन वर्षों के लिए बढ़ाए जाने के दो सप्ताह से भी कम समय बाद आया है। पाकिस्तान और चीन ने चीनी प्रधानमंत्री ली क्विंग की हालिया यात्रा के दौरान एक मुद्रा अदला-बदली समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिससे पाकिस्तान की ऋण भुगतान अवधि 2027 तक बढ़ गई थी।

## त्योहारी सत्र की बेहतर मांग से उपकरण विनिर्माता उत्साहित, बिक्री में 30 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद



**नयी दिल्ली :** उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को इस वर्ष त्योहारी सीजन की बिक्री में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। प्रमुख ऑनलाइन खुदरा मंच फ्लिपकार्ट और अमेज़न के त्योहारी सेल आयोजन से दहाई अंक में वृद्धि हुई है तथा धनतेरस सप्ताह के दौरान ऑफलाइन माध्यमों से भी अंतिम समय में इसके जोर पकड़ने की उम्मीद है। उद्योग जगत के लोगों ने कहा कि इस त्योहारी सीजन में प्रीमियमीकरण का चलन है, जहां उपभोक्ता ऊर्जा दक्षता, उच्च क्षमता और बड़े आकार की सुविधाओं के लिए अतिरिक्त भुगतान करने को तैयार हैं। यहां तक कि उच्चस्तरीय कृत्रिम मेधा (एआई) और आईओटी प्रौद्योगिकी संचालित उत्पादों में भी रुचि दिखा रहे हैं। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, पैनासोनिक, सोनी, गोदरेज अप्लायंसेज और हायर जैसी कंपनियों ने ओणम त्योहार से ही त्योहारी बिक्री की अच्छी शुरुआत कर दी है और उम्मीद है कि यह गति लगभग 45 दिन की त्योहारी अवधि के शेष सप्ताह तक जारी रहेगी, जो दिवाली के बाद समाप्त होगी। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (घरेलू उपकरण) संजय चितकारा ने कहा, सभी श्रेणियों में अच्छी वृद्धि हुई है, खासकर बड़ी क्षमता वाली वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर जैसे प्रीमियम उत्पादों में। हम एआई और आईओटी प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों की अच्छी मांग देख रहे हैं।

## रतन टाटा का मानना था, नोएल को उनका उत्तराधिकारी बनने के लिए और अनुभव की जरूरत : पुस्तक




**नयी दिल्ली :** लंबे समय तक टाटा संस की अगुवाई करने वाले दिवंगत कारोबारी रतन टाटा को लगता था कि उनके सौतेले भाई नोएल टाटा को उनका उत्तराधिकारी बनने के लिए और अधिक अनुभव की आवश्यकता है। हाल ही में जारी एक किताब में यह बात कही गई। नोएल टाटा को हाल में रतन टाटा की मृत्यु के बाद टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन के रूप में नियुक्त किया गया। यह ट्रस्ट अप्रत्यक्ष रूप से 165 अरब अमेरिकी डॉलर के टाटा समूह को नियंत्रित करता है। मार्च, 2011 में जब रतन टाटा के उत्तराधिकारी की तलाश के लिए कई उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया, तो उसमें नोएल टाटा भी शामिल थे। रतन टाटा ने उत्तराधिकारी को खोजने के लिए बनी चयन समिति से दूर रहने का फैसला किया था। रतन टाटा की जीवनी - 'रतन टाटा ए लाइफ' के अनुसार, बाद में उन्हें इस फैसले पर पछतावा हुआ। इस किताब को थॉमस मैथ्यू ने लिखा है और हार्पर कॉलिन्स पब्लिशर्स ने प्रकाशित किया है। किताब में कहा गया कि रतन टाटा चयन समिति से इसलिए दूर रहे, क्योंकि टाटा समूह के भीतर से कई उम्मीदवार थे, और वह उन्हें यह भरोसा देना चाहते थे कि एक सामूहिक निकाय सर्वसम्मति से निर्णय के आधार पर उनमें से किसी एक की सिफारिश करेगा। चयन समिति से दूर रहने का दूसरा कारण व्यक्तिगत था, क्योंकि यह व्यापक रूप से माना जाता था कि उनके सौतेले भाई नोएल टाटा उनके उत्तराधिकारी के लिए स्वाभाविक उम्मीदवार थे। कंपनी में पारसियों और समुदाय के परंपरावादियों की ओर से दबाव के बीच नोएल टाटा को 'अपना' माना जाता था। किताब के अनुसार, हालांकि रतन टाटा के लिए केवल व्यक्ति की प्रतिभा और मूल्य ही मायने रखते थे। लेखक के मुताबिक, रतन टाटा नहीं चाहते थे कि नोएल को न चुने जाने की स्थिति में उन्हें उनके विरोधी के रूप में देखा जाए। किताब के मुताबिक, रतन टाटा ने कहा, 'शीर्ष पद के लिए सफलतापूर्वक प्रतिस्पर्धा करने के लिए नोएल के पास अबतक के अनुभव से अधिक अनुभव होना चाहिए था।' रतन टाटा ने कहा था कि यदि उनका कोई पुत्र भी होता, तो वह कुछ ऐसा करते कि वह अपने आप उनका

## सरकार सौर सेल के लिए एएलएमएम जारी करने की तैयारी में



**नयी दिल्ली :** भारत के हरित ऊर्जा की ओर बदलाव को बढ़ावा देने के लिए सरकार मॉड्यूल विनिर्माण की तर्ज पर सौर सेल के लिए मॉडल और विनिर्माताओं की एक अनुमोदित सूची (एएलएमएम) पेश करने की योजना बना रही है। सरकार एक अप्रैल, 2026 से सौर पीवी सेल के लिए एएलएमएम के तहत दूसरी सूची (सूची-2) को प्रभावी करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। सरकार ने 'मेड इन इंडिया' सौर पैनल के विनिर्माण और इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए सौर मॉड्यूल के लिए 2019 में एएलएमएम आदेश (सूची एक) पेश किया था। एएलएमएम सूची एक में शामिल मॉडल और निर्माताओं से पीवी मॉड्यूल की खरीद को अनिवार्य कर दिया गया था। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के एक कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, दो जनवरी, 2019 के एएलएमएम आदेश में सौर पीवी मॉड्यूल के मॉडल और विनिर्माताओं को निर्दिष्ट किया गया है, जबकि सूची- दो सौर पीवी सेल के मॉडल और विनिर्माताओं की पहचान करेगी और उन्हें इसमें शामिल करेगी। सरकारी दस्तावेज में कहा गया है कि हालांकि, आज तक, सौर पीवी सेल की सूची दो जारी नहीं की गई है क्योंकि देश में सौर पीवी सेल की स्थापित क्षमता मांग से कम थी। सौर पीवी सेल के लिए एएलएमएम के क्रियान्वयन के लिए एएलएमएम आदेश में संशोधन के मसौदे के अनुसार, 'अगले दो वर्षों में देश में सौर पीवी सेल की स्थापित क्षमता में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है, इसलिए एएलएमएम के तहत सौर पीवी सेल की सूची-दो जारी करने का प्रस्ताव किया गया है, जो एक अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगी।' मसौदा पत्र में यह भी प्रस्तावित किया गया है कि सौर पीवी मॉड्यूल - जो वर्तमान में एएलएमएम सूची-एक (सौर पीवी मॉड्यूल के लिए) में सूचीबद्ध हैं, जिनकी समाप्ति तिथि 31 मार्च, 2026 से आगे है - को भी एक अप्रैल, 2026 से एएलएमएम सूची-दो (सौर पीवी सेल के लिए) में शामिल सौर पीवी सेल का उपयोग करना होगा।

### एसबीआई को 'ग्लोबल फाइनेंस' से सर्वश्रेष्ठ भारतीय बैंक का पुरस्कार

**नयी दिल्ली :** अमेरिका की ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 2024 के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक घोषित किया है। वाशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के इतर आयोजित अपने 31वें वार्षिक सर्वश्रेष्ठ बैंक पुरस्कार समारोह में ग्लोबल फाइनेंस ने 2024 के लिए एसबीआई को भारत के सर्वश्रेष्ठ बैंक के रूप में मान्यता दी। बैंक ने एक बयान में कहा कि एसबीआई के चेयरमैन सी एस सेट्टी ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। बैंक को यह पुरस्कार असाधारण सेवाएं प्रदान करने और अपने ग्राहकों का विश्वास जीतकर देशभर में वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के लिए मिला है। दशकों से ग्लोबल फाइनेंस के सर्वश्रेष्ठ बैंक पुरस्कारों ने दुनिया के वित्तीय संस्थानों के मूल्यांकन के लिए विश्वसनीय मानक स्थापित किए हैं। इससे वे कॉरपोरेट निर्णय लेने वालों के लिए महत्वपूर्ण बन गए हैं, खासकर जब वैश्विक अर्थव्यवस्था गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है।

## न्यूज अपडेट

### हयात का अगले पांच-छह साल में भारत में अपने होटल की संख्या 100 तक पहुंचाने का लक्ष्य

**नयी दिल्ली :** वैश्विक आतिथ्य क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हयात होटल्स कॉरपोरेशन का अगले पांच से छह साल में भारत में अपने होटल की संख्या को दोगुना कर 100 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। कंपनी का इरादा अपने शीर्ष वैश्विक वृद्धि के बाजारों में से एक भारत में मौजूद अवसरों का लाभ उठाने का है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। हयात होटल्स कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक (भारत और दक्षिण-पश्चिम एशिया) संजय शर्मा ने ईमेल के जरिये दिए गए साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा को बताया कि कंपनी हयात के पोर्टफोलियो से अतिरिक्त वैश्विक ब्रांड को भारत में पेश करने के अवसरों की भी सक्रियता से तलाश कर रही है। उन्होंने कहा, 'हम भारत में अपनी विस्तार योजनाओं को लेकर उत्साहित हैं। अपनी मजबूत पाइपलाइन और रणनीतिक विकास पहल के साथ हमें भरोसा है कि हम अगले 5-6 साल में 100 होटल का लक्ष्य हासिल कर लेंगे।'

### 'कारोबारी चक्र' से जुड़े म्यूचुअल फंड ने एक साल में 56 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया

**नयी दिल्ली :** निवेश परिदृश्य में कारोबारी चक्र से जुड़े म्यूचुअल फंड का प्रचलन बढ़ रहा है। पिछले साल इन म्यूचुअल फंड ने 32-56 प्रतिशत का मजबूत रिटर्न दिया है। इस दौरान एचएसबीसी, महिंद्रा मनुलाइफ और क्वॉन्ट की योजनाओं से निवेशकों से 50 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न मिला है। कारोबारी चक्र फंड म्यूचुअल फंड का ही एक प्रकार है, जो आर्थिक चक्र के विभिन्न चरणों के दौरान ऐसे शेयरों और क्षेत्रों में निवेश करते हैं जिनके उस समय की परिस्थितियों के आधार पर अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद होती है। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, इन शीर्ष तीन फंड ने निफ्टी 500 टीआरआई सूचकांक से काफी बेहतर प्रदर्शन किया है, जिसने इसी अवधि में 35.11 प्रतिशत रिटर्न दिया। आनंद राठी वेल्थ के डिप्टी मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फिरोज अजीज ने कहा कि यह शानदार वृद्धि इन कोष में निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी को दर्शाती है। वर्तमान में, बाजार में केवल 16 कारोबारी चक्र से संबंधित कोष हैं, जिनमें से केवल तीन ने तीन साल का कार्यकाल पूरा किया है। इस श्रेणी की प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) सितंबर, 2021 के 17,238 करोड़ रुपये से दोगुना से अधिक होकर 37,487 करोड़ रुपये हो गई हैं।

### महिंद्रा लाइफस्पेस को कम आमदनी से सितंबर तिमाही में 14 करोड़ रुपये का घाटा

**नयी दिल्ली :** महिंद्रा समूह की रियल एस्टेट कंपनी महिंद्रा लाइफस्पेस को कम आमदनी होने से चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 14 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 18.93 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। महिंद्रा लाइफस्पेस ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी घटकर सितंबर तिमाही में 16.96 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 26.70 करोड़ रुपये थी। अप्रैल-सितंबर छमाही के दौरान कंपनी को 1.27 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 23.20 करोड़ रुपये का घाटा था।

### वाराणसी-दिल्ली के बीच खजुराहो के रास्ते इंडिगो की उड़ान शुरू

खजुराहो : उत्तर प्रदेश के वाराणसी और नयी दिल्ली के बीच इंडिगो की उड़ान सेवा रविवार को शुरू हो गई। यह उड़ान मध्य प्रदेश के खजुराहो के रास्ते संचालित होगी। खजुराहो हवाई अड्डे के निदेशक संतोष सिंह ने बताया कि इस सेवा से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि पहली उड़ान में 44 पर्यटक खजुराहो आए, जबकि 52 यहां से रवाना हुए। उड़ान सुबह 10.30 बजे दिल्ली से खजुराहो पहुंचेगी और वाराणसी के लिए रवाना होगी। वापसी में यह दोपहर 1.40 बजे खजुराहो पहुंचेगी और दिल्ली के लिए रवाना होगी।

वर्ष 9, पूर्णांक 4044 अंक 194, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in